


दैनिक

MPHIN/2021/83938

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 344 | ग्वालियर, 10 अक्टुबर मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### 60 लाख से ज्यादा युवा पहली बार डालेंगे वोट



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को पांच राज्यों में विधानसभा की तारीखों के ऐलान कर दिया. इन पांच राज्यों में से चार राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में एक चरण में मतदान होगा. जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में वोट डाले जाएंगे. चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 60 लाख से ज्यादा मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे. वहीं पांचों राज्यों में कुल एक लाख 77 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. जहां कुल 16 करोड़ 14 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे. पांचों राज्यों में पहली बार 60 लाख 14 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें से 15 लाख 39 हजार मतदाता ऐसे हैं जो हाल ही में 18 साल के हुए हैं या फिर होने वाले हैं, चुनाव आयोग के मुताबिक, ऐसे मतदाताओं की एडवांस एप्लीकेशन भी प्राप्त हो चुकी है. पांचों राज्यों में कुल 16 करोड़ 14 लाख मतदाता हैं. जिनमें 60.14 लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे. कुल मतदाताओं में पुरुषों की संख्या 8.20 करोड़ जबकि महिला वोटर्स की संख्या 7.80 करोड़ है. सबसे ज्यादा वोटर मध्य प्रदेश में हैं. जहां कुल 5 करोड़ 60 लाख मतदाता हैं. वहीं सबसे कम मतदाता मिजोरम में हैं. यहां कुल 8 लाख 52 हजार मतदाता हैं. राजस्थान में कुल 5 करोड़ 25 लाख वोटर्स हैं जबकि तेलंगाना में मतदाताओं की संख्या कुल 3 करोड़ 17 लाख है. वहीं छत्तीसगढ़ में मतदाताओं की संख्या दो करोड़ 30 हजार है. मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इन पांचों राज्यों में शारीरिक तौर पर अक्षम वोटरों की संख्या 17.34 लाख है. जिसमें 80 साल की उम्र के बुजुर्गों की संख्या 24.7 लाख है, जिन्हें घर से वोट डालने की सुविधा मिलेगी. पांच राज्यों में 60.2 लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे. जिनमें सबसे कम मतदाता मिजोरम में हैं. यहां कुल 50,611 मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे. जबकि छत्तीसगढ़ में पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 7.23 लाख है. वहीं मध्य प्रदेश में 22.36 लाख वोटर पहली बार वोट डालेंगे. जबकि राजस्थान में 22.04 लाख मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे. तेलंगाना में पहली बार के वोटर्स की संख्या 8.11 लाख है. इन पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए एक लाख 77 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. सबसे ज्यादा मतदान केंद्र मध्य प्रदेश में बनाए गए हैं. जहां 64,523 मतदान केंद्र पर वोट डाले जाएंगे. जबकि सबसे कम पोलिंग बूथ मिजोरम में होंगे. यहां कुल 1,276 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे. इसके अलावा राजस्थान में कुल 51,756 तो वहीं तेलंगाना में 35,356 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. जबकि छत्तीसगढ़ में पोलिंग बूथ की संख्या 24,109 है.

### कनाडाई लोगों के लिए वीजा रोकने का फैसला पंजाब को महंगा पड़ रहा है: अकाली दल



**चंडीगढ।** अकाली दल नेता बिक्रम मजीठिया ने सोमवार को कहा कि कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा बंद करने का भारत का फैसला - और इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की चुप्पी - पंजाबियों के लिए बहुत महंगी साबित हो रही है। यह फैसला हजारों पंजाबियों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है और इससे राज्य बड़े आथर्कि संकट की तरफ बढ़ रहा है। मजीठिया ने यहां जारी एक बयान में कहा कि कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद करने का फैसला ऐसे समय में आया है जब शादियों का सीजन शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि कनाडा में बड़ी संख्या में पंजाबी परिवार बसे हुए हैं जो अब कनाडा के नागरिक हैं लेकिन वे पंजाब में शादियां करना पसंद करते हैं। ऐसे परिवारों के अलावा अन्य लोग भी हैं जो इलाज कराने आते हैं क्योंकि भारत में चिकित्सा उपचार सस्ता है। अन्य लोग पारिवारिक जरूरतों और व्यक्तिगत नुकसान तथा अन्य कारणों से इलाज के लिए आते हैं। अकाली नेता ने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि वीजा निलंबित करने का फैसला लागू हुये एक पखवाड़े से अधिक हो गया है और मुख्यमंत्री मान चुप हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक घटना के बाद भारत का निर्णय पंजाबियों के लिए अत्यधिक भेदभावपूर्ण है। इस मुद्दे पर मान की चुप्पी से संकेत मिलता है कि वह शीर्ष भाजपा नेतृत्व के साथ मिले हुए हैं, जो कई बार साबित हो चुका है। मजीठिया ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत आने वाले 24 प्रतिशत से अधिक कनाडाई पर्यटक आमतौर पर शादी के मौसम में आते हैं।

# चौथी लिस्ट में आया सीएम शिवराज सिंह चौहान का नाम

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ गई है. ऐसे में सभी पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर रही हैं. इसी कड़ी में बीजेपी ने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है. इस सूची में 57 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है. खास बात यह है कि इस सूची में 24 मंत्रियों के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी नाम है. सीएम शिवराज को बुधनी से टिकट मिला है. बीजेपी ने पहली, दूसरी और तीसरी लिस्ट में कुल 79 उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे. अब चौथी लिस्ट आने के बाद बीजेपी ने कुल 136 उम्मीदवारों के नाम का घोषणा कर दी है. 1 अक्टूबर को जेपी नड्डा की अध्यक्षता में बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई. इस बैठक के दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री



अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे. आज जारी हुई चौथी सूची में सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ-साथ प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को दत्तिया से चुनाव लड़ने का मौका मिला है. गोपाल भार्गव को रहली से, विश्वास सारंग को नरेला से और तुलसीराम सिलावट सांवरे से टिकट मिला है. मध्य प्रदेश में सोमवार को विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान हो गया है. राज्य की 230 सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा. राज्य में एक चरण में चुनाव होंगे. चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है. चुनाव नतीजों की बात करें तो नतीजे 3 दिसंबर को जारी होंगे. राज्य में चुनाव आयोग 21 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी करेगा. वहीं 30 अक्टूबर को नामांकन का आखिरी दिन रहेगा. इसके बाद 31 को नामांकन पत्रों की जांच होगी. अगर कोई प्रत्याशी अपना नाम वापिस लेना चाहता होगा तो वो 2 नवंबर तक ले सकता है.

## बीजेपी की लिस्ट से वसुंधरा राजे गायब

# एमपी के फॉर्मूले पर राजस्थान में बांटे टिकट




**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिरोजम चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है. इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है. बीजेपी ने राजस्थान चुनाव के लिए पहली लिस्ट जारी कर दी है. इस सूची में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को नाम गायब हैं. राजस्थान विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही भाजपा ने राजस्थान की पहली सूची जारी कर दी है. इस सूची में 41 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है. मध्य प्रदेश के फॉर्मूले पर ही राजस्थान में भी टिकट बांटे गए हैं. पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए 7 सांसदों को टिकट दिया है. राज्यवर्धन राठौड़, दीया कुमारी, किरोड़ी लाल मीणा, नरेंद्र कुमार, भगीरथ चौधरी, बाबा बालकनाथ, देवजी पटेल ये वो सांसद हैं, जिन्हें राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा गया है. सांसद नरेंद्र कुमार को मंडावा, सांसद राज्यवर्धन राठोड़ को झोटवाडा से, सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से, सांसद बाला बालकनाथ को तिजारा से, सांसद किरोड़ी लाल मीणा को सवाई माधोपुर, सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़, सांसद देवजी पटेल को सांचोर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है. साथ ही भाजपा ने कई दिग्गज विधायकों को किनारा दिखाते हुए उन्हें टिकट नहीं दिया है.

## इजराइल पर हमास के हमले की प्रतिक्रिया में तेल की कीमतें बढ़ीं



**लंदन।** आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजराइल पर अचानक किए गए हमले पर प्रतिक्रिया के कारण सोमवार को तेल की कीमतें बढ़ गईं, जबकि एयरलाइन शेयरों में गिरावट आई। यह जानकारी मीडिया की खबर में दी गई। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, निवेशक सोमवार को मध्य-पूर्व में और अस्थिरता की संभावना को ध्यान में रखते हुए मूल्य निर्धारण कर रहे थे। सोमवार सुबह तेल की कीमतों में 3 फीसदी का उछाल आया। उत्तरी सागर बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की वायदा कीमतें एक समय बढ़कर 89 डॉलर प्रति बैरल हो गईं, जिससे पिछले सप्ताह के कुछ नुकसान की भरपाई हो गई। लंदन मुख्यालय वाले एफटीएसई 100 के प्रतिद्वंद्वी बीपी और शेल में क्रमशः 3 और 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एफटीएसई 250 हार्बर एनर्जी में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सोमवार की सुबह शेयर बाज़ार में सबसे अधिक गिरावट वाली कंपनियों में एयरलाइनें शामिल थीं। युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा पहले से ही प्रभावित थी। ब्रिटिश एयरवेज़ के मालिक इंटरनेशनल एयरलाइंस ग्रुप के शेयर की कीमत में 3.4 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि ईज़ीजेट में 4 प्रतिशत की गिरावट आई।

## कांग्रेस शासित राज्यों में होगी जातिगत जनगणना, राहुल गांधी ने खेला चुनावी कार्ड

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है. चुनाव आयोग ने सोमवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,



तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है. निर्वाचन आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि छत्तीगढ़ में दो चरण में 7 और 17 नवंबर को वोट पड़ेंगे, जबकि एक चरण में मिरोजम में 7 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे. इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा चुनावी कार्ड खेला है. विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ी घोषणा कर दी है. उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्य समिति की आज 4 घंटे तक जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई. कांग्रेस की कार्य समिति ने एक निर्णय लिया है, हमारे मुख्यमंत्रियों ने भी निर्णय लिया है कि वे भी अपने राज्यों में जातिगत जनगणना को आगे बढ़ाएंगे. राहुल गांधी ने आगे कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष और हमारी जो सबसे बड़ी निर्णय लेने वाली कार्य समिति ने निर्णय लिया है कि हम जातिगत जनगणना करवाएंगे और भाजपा को इसे करवाने पर भी जोर डालेंगे और अगर वे नहीं करते हैं तो उन्हें पीछे हट जाना चाहिए, क्योंकि देश जातिगत जनगणना चाहता है. गठबंधन इसका समर्थन करेगी. उन्होंने कहा कि आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं एक अडाणी जी वाला और दूसरा सबका. जातिगत जनगणना साफ दिखाएगा कि हिंदुस्तान में कितने और कौन लोग हैं, हमें यह पता लग जाएगा कि कितने लोग हैं और धन किसके हाथ में हैं. शायद इसमें हमारी भी गलती है जो कि हमने पहले नहीं की लेकिन हम उसे पूरा करके दिखाएंगे.

### दिल्ली में बाइक सवार बदमाशों ने हंगरी की नागरिक का बैग छीना

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में 57 वर्षीय हंगरी की एक राजनयिक का बैग दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने छीन लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रविवार को हुई जब हंगरी की नागरिक ऑटो-रिक्शा से दूतावास जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब तीन बजे वह ऑटो रिक्शा से हुमायूं मकबरे से लोधी रोड होते हुए दूतावास जा रही थी और जब वह दयाल सिंह कॉलेज के पास पहुंची तो अचानक पीछे से मोटरसाइकिल पर दो लोग आए।

### तमिलनाडु विधानसभा ने प्रस्ताव पारित कर केंद्र से कर्नाटक को कावेरी का पानी छोड़ने का निर्देश देने का आग्रह किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने सोमवार को एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से आग्रह किया कि वह सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले के आधार पर कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु को कावेरी का पानी छोड़ने का निर्देश दे। सदन में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने यह प्रस्ताव पेश किया। भाजपा को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों ने इसका समर्थन किया। भाजपा विधायक प्रस्ताव में संशोधन की मांग को लेकर सदन से बाहर चले गए। अन्नाद्रमुक महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने प्रस्ताव का स्वागत किया। हालाँकि, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन जिलों में लोगों को पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे जो कर्नाटक द्वारा कावेरी जल छोड़ने में विफल रहने के बाद प्रभावित हुए हैं।



### बंगाल में डेंगू की स्थिति भयावह, मरीजों की संख्या 50 हजार के पार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डेंगू चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है, जिससे प्रभावित लोगों की कुल संख्या 50 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अब तक 56,707 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से रविवार शाम तक पिछले सात दिन में 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक डेंगू से होने वाली मौतों का कोई आंकड़ा नहीं बताया है, लेकिन अनौपचारिक अनुमान के मुताबिक मरने वालों की संख्या 60 है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी जैसे भाजपा विधायकों ने दावा किया है कि कई मामलों में डेंगू से होने वाली मौतों को अज्ञात बुखार के कारण मौत के रूप में रिपोर्ट किया गया है, और इसलिए इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा है। स्वास्थ्य विभाग के अंदरूनी सूत्रों को डर है कि आगामी दुर्गा पूजा उत्सव डेंगू के प्रकोप के साए में हो सकता है।

### सीएम शिवराज सिंह ने पूछा

## कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट कहां है ?

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बिसात बिछना शुरू हो गया है. सभी पार्टियों ने खुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिरोजम के लिए चुनावों की तारीख का ऐलान कर दिया है. इसके बाद एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस से निशाना साधा है. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की घोषणा पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंदिता अपने स्थान पर ठीक है,




लेकिन सभी पार्टियों को चुनाव में मर्यादा बनाकर रखनी चाहिए. भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है. हमारे पास पीएम मोदी का अद्भुत नेतृत्व है. हमारे कार्यकर्ता कमर कसकर मैदान में हैं. ये चुनाव जनता ही लड़ेगी और हम शानदार जीत के साथ फिर आएंगे. अब तक उनके (कांग्रेस) उम्मीदवार तक मैदान में नहीं हैं. कांग्रेस की सूची कहां है। क्यों इतनी देर लग रही है। भाजपा पूरी तरह से तैयार है. मध्य प्रदेश में एक चरण में मतदान होगा. यहां 17 नवंबर को वोट पड़ेंगे. इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश के लिए चौथी लिस्ट जारी कर दी है. इस लिस्ट में सीएम शिवराज सिंह चौहान समेत 57 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया गया है. इससे पहले तीन लिस्टों में 79 प्रत्याशियों को टिकट दिया गया था. अबतक बीजेपी ने कुल 136 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है.

## चुनावी ऐलान! मिजोरम में 7 नवंबर को होगा मतदान

**नई दिल्ली।** देश के पांच अहम राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है. मुख्य चुनाव आयुक्त ने सोमवार को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही मिजोरम में भी चुनाव की तारीखें अब सामने आ गई हैं. इसके तहत इस बार मिजोरम में चुनाव 7 नवंबर 2023 तारीख को एक चरण में ही आयोजित किया जा रहा है. वहीं मतगणना की तारीख भी सामने आ गई है. चुनाव आयोग के मुताबिक मिजोरम में काउंटिंग 3 दिसंबर को ही होगी. आइए जानते हैं मिजोरम के चुनाव से जुड़ी अहम जानकारियां. पहले जानें लें कि इन कुल पांच राज्यो में कुल 16 करोड़ वोटर हैं. जिनमें से 8.2 करोड़ पुरुष वोटर हैं, जबकि 7.8 करोड़ महिला मतदाता है. वहीं 60 लाख से ज्यादा लोग पहली बार वोट करेने जा रहे हैं. चुनाव आयोग के मुताबिक महिला वोटरों की संख्या सभी राज्यों में बढ़ी नजर आई है. इस बार सभी चुनावी राज्यों में कुल एक लाख 77 हजार वोटिंग स्टेशन होंगे. 2 चरूके दायरे में चुनाव केंद्र होंगे. वहीं आदिवासियों के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. साथ ही




शराब की तस्करी पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी. मिजोरम में 2018 विधानसभा चुनाव में 10 साल बाद मिजो नेशनल फ्रंट की वापसी हुई थी. मिजोरम में कुल 40 सीटों पर हुए चुनाव में स्व्हस्न को 27 सीटों पर जीत हासिल हुई थी, जबकि कांग्रेस के खाते में महज पांच सीटें आई थीं. इसके अतिरिक्त जोरम पीपुल्स मूवमेंट को आठ सीटें और एक सीट भाजपा के खाते में गई थी. वहीं सत्ताधारी पार्टी के ओर से जोरामथांगा को ष्टरूचुना गया था. बता दें कि मिजोरम में पिछली बार 28 नवंबर 2018 को विधानसभा चुनाव हुए थे, जिसमें करीब 770,000 लोगों ने वोट डाला था. मिजोरम विशानसभा की 40 सीटों के लिए 8 राजनीतिक पार्टियों के 209 कैंडिडेट मैदान में थे. इनमें सत्ताधारी कांग्रेस और मुख्य विपक्षी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट के सबसे ज्यादा 40-40, भाजपा के 39, नेशनल पीपुल्स पार्टी के 9 और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के 5 प्रत्याशी शामिल थे. वहीं इसका परिणाम 11 दिसंबर 2018 को घोषित किया था, जिसमें मिजो नेशनल फ्रंट (एनएफएल) ने बाजी मार ली थी.

# अनूठे तरीके से विरोध करते हुए नगर पालिका पहुचे कांग्रेस पार्षद एम डी गुर्जर

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे




**शिवपुरी।** नगर पालिका मैं विरोध का अनोखा तरीका आजमाने बाले क्रमांक 36 से कांग्रेसी पार्षद एमडी गुर्जर, अपने शरीर पर बैनर को पहन कर पहुंचे। इस बैनर में पूर्व में पार्षद के द्वारा शिकायतों के निराकरण के लिए दिए गए ज्ञापन की कॉपियां छपी थी। पार्षद एमडी गुर्जर का कहना है कि नगर पालिका परिषद की कई बैठक हो चुकी है लेकिन आज दिनांक तक उनके वार्ड में कोई भी विकास कार्य को नहीं किया गया। लोगों की समस्या के निपटारे के लिए कई आवेदन दिए गए थे। उनका भी आज तक निराकरण नहीं हो सका इसी के चलते उन्होंने अपने विरोध करने का यह तरीका देखा हैं। आप को बता दें कि आज नगर पालिका शिवपुरी के द्वारा परिषद की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सभी पार्षदों को आमंत्रित किया गया था लेकिन आचार संहिता लागू होने के चलते बैठक आयोजित नहीं हो सकी थी। बैठक निरस्त करने के आदेश मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर पालिका परिसर में चस्पा कर दिए थे लेकिन आज सभी कांग्रेसी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए। कांग्रेसी पार्षदों का आरोप है कि उन्हें बैठक निरस्त होने की सूचना तक नहीं दी गई थी।

# भाजपा की चौथी लिस्ट जारी, शिवपुरी विधानसभा अभी भी है सस्पेंस में

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी। जैसे ही चुनावआयोग द्वारा चुनाव की घोषणा की गई उसके तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा की चौथी लिस्ट भी जारी कर दी गई लेकिन इसमें अभी भी शिवपुरी जिले के पोहरी विधानसभा,कोलारस विधानसभा और शिवपुरी विधानसभा के उम्मीदवारों के नाम अभी भी घोषित नहीं किए गए हैं जब से शिवपुरी विधानसभा की विधायक यशोधरा राजे सिंधिया ने चुनाव लड़ने से मना किया है तब से शिवपुरी विधानसभा सस्पेंस में है और अभी तक यहां पर किसी भी प्रत्याशी का नाम सामने नहीं आया है जबकि यशोधरा राजेश सिंधिया के चुनाव में मना करने के बाद भाजपा के बहुत से उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी शिवपुरी विधानसभा में चुनाव लड़ने के लिए दिखाई है लेकिन अभी तक किसी का भी नाम लिस्ट में नहीं आया है बहुत जल्द अगली लिस्ट में शिवपुरी विधानसभा भी क्लियर हो सकती है।

# भ्रष्टाचार की राजनीति पर इस बार चलेगी झाड़ू

रिपोर्टर-प्रतीश अग्रवाल, पुष्पांजलि टुडे

**मधुसुदनगढ़।** ना खिलेगा फूल ना चलेगा पंजा भ्रष्टाचार की राजनीति पर इस बार चलेगी झाड़ू के नारे के साथ मधुसूदनगढ़ के कई वार्डों में चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक ममता मीना ने जनसंपर्क किया। पूर्व विधायक ममता मीना इस बार आम आदमी पार्टी चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव लडने की पूरी तैयारियां कर चुकी है। ममता मीना ने मधुसूदनगढ़ के निम्न वार्डों में 3 सुभाष चंद्र बोस, 4 महाराणा प्रताप, 5 स्वामि विवेकानंद, 6 तात्या टोपे, 7 छत्रपति शिवाजी,8 रानी लक्ष्मीबाई, 9 रानी दुर्गावती,10 राजा हरीशचंद्र वार्डों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।

आगामी चुनावों के मद्देनजर शिवपुरी पुलिस की तैयारी, शिवपुरी पुलिस ने किया फ्लैग मार्च आमजन से की शांतिपूर्वक चुनाव कराने एवं आचार संहिता के नियमों के पालन करने अपील की ।

# भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टोड्स

शिवपुरी। आगामी विधान सभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शिवपुरी पुलिस द्वारा अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं । आज शहर



में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस द्वारा लोगों से वार्ता की और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की । कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने- धमकाने या लालच देने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें । शिवपुरी पुलिस द्वारा आज फ्लैग मार्च पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन मे निकाला । फ्लैग मार्च मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी देहात, थाना प्रभारी फिजीकल एवं थाना प्रभारी यातायात अपने अपने बल के साथ उपस्थित रहे । फ्लैग मार्च एमएम हॉस्पिटल के पास से शुरु किया गया, इसके बाद अस्पताल चौराहा, कोर्ट रोड़, माधव चौक होते हुये कमला गंज, इसके बाद ग्वालियर वायपास, करौंदी संबेल, फिजीकल रोड़, नीलघल चौराहा, सुभाष चौक, काली माता मंदिर, झांसी तिराहा, गुरुद्वारा चौराहा होते हुये माधव चौक पर पहुंच कर फ्लैग मार्च का समापन किया गया ।

# अखिल भारतीय दिगंबर जैसवाल जैन उपरोचिया सेवा न्यास द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिवपुरी की कई प्रतिभाएं सम्मानित हुई

## समाजसेवी आरती शैलेंद्र जैन के पुत्र आर्यन को भी किया गया सम्मानित

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। अखिल भारतीय जैसवाल जैन सेवा न्यास द्वारा दिल्ली के सिरी फोर्ट स्टेडियम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 में शिवपुरी जिले से सर्वोच्च स्वर्णिम प्रतिभा के रूप में शिवपुरी के सिविल जज शुभम जैन पुत्र श्री देवेंद्र जैन, स्वर्णिम प्रतिभा के रूप में बेटी जूही जैन पुत्री महेन्द्र जैन भैयन हुए सम्मानित अन्य प्रतिभाओं के रूप में डॉ आयुषी जैन पुत्री ऋषभ जैन, इंजी.निखिल जैन पुत्र ऋषभ जैन, रिया जैन पुत्री देवेंद्र जैन, छाया जैन पुत्री विनोद जैन रन्नौद, हर्षित जैन पुत्र अजित जैन अकाझिरी, शुभम जैन पुत्र रवि



जैन कोलारस, कीर्ति जैन पुत्री अरविंद जैन, मिली जैन पुत्री राकेश जैन अकाझिरी, योगिता जैन पुत्री नरेंद्र जैन, मनीष जैन पुत्र स्व श्री बालकृष्ण जैन नरवर, आदित्य जैन पुत्र कोमल प्रसाद जैन, प्रियांशु जैन पुत्र पवन जैन, आदर्श जैन पुत्र जयकुमार जैन कोलारस, पायल जैन पुत्री विवेक जैन,सार्थक जैन पुत्र संजीव जैन, विमर्श जैन पुत्र राजेश जैन सिंघई, सत्यम जैन पुत्र राजकुमार जैन खतौरा, आर्यन जैन पुत्र शैलेंद्र जैन, तृप्ति जैन पुत्र संजय जैन, नींव जैन पुत्र संजीव जैन कैपिटल कंप्युटर, प्राची जैन पुत्री राजमल जैन नरवर, राज जैन पुत्र चंद्र कुमार जैन को सम्मानित किया गया।

# वर्तमान भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा को पुनः टिकट दिए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, शीर्ष नेतृत्व का माना आभार

पुष्पांजलि टूडे रिर्पोटर
अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी से एक बार पुनः वर्तमान भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के अनुज उमाकांत शर्मा को विधानसभा 147 से एक बार पुनः टिकट मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओ में उत्साह का माहौल देखने को मिला एवं बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक निवास गणेश की अथाई एवं नगर के प्रमुख चौराहों पर बम पटाखे फोडकर एवं मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया साथ ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया गया हालांकि विधान सभा 147 से कई और दावेदार भी अपनी-अपनी दावेदारियां पेश कर रहे थे लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा वर्तमान विधायक उमाकांत शर्मा जिन्होने पिछला चुनाव 34000 से अधिक मतो से विजय कर जिले सहित प्रदेश को गौरवित किया था के



उपर अपना भरोसा जताया है ।

**सोशल मीडिया पर बधाईयो का लगा तांता**-टिकट क्लियर होने के तुरंत बाद ही भाजपा कार्यकर्ताओ एवं उमाकांत शर्मा के सर्मथको के द्वारा सोशल मीडिया पर टिकट मिलने की खुशी एवं जीत की अग्रिम बधाईया देना शुरू कर दी गई है । वही कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर बडे ही उत्साहित नजर आ रहे है । भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तो टिकट घोषित कर दिया गया है लेकिन कांग्रेस के द्वारा अभी तक टिकट की घोषणा नहीं की गई है अब देखना यह है कि कब तक कांग्रेस के द्वारा टिकट की घोषणा की जाती है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी से ही लड़ेंगे चुनाव

## इछावर से पूर्व मंत्री करण सिंह वर्मा और सीहोर से विधायक सुदेश राय पर पार्टी ने जताया भरोसा, आष्टा रखा होल्ड पर, आदर्श आचार संहिता प्रभावशील, 17 नवम्बर को होगा मतदान, 3 दिसम्बर को होगी मतगणना, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी चुनाव कार्यक्रम की जानकारी

रघुवर दयाल गोहिया

सीहोर। आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें बुधनी से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान , इछावर से पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक श्री करण सिंह वर्मा तथा सीहोर से वर्तमान विधायक सुदेश राय को अपना




प्रत्याशी घोषित कर दिया है। फिलहाल आष्टा (सुरक्षित) सीट पर पेंच फंसा हुआ है। यहां से रघुनाथ सिंह मालवीय विधायक हैं। इनका टिकट अभी खतरे में माना जा रहा है। इससे यह तय हो गया है कि सीहोर जिले के टिकट वितरण में मुख्यमंत्री श्री चौहान को भरपूर महत्व दिया गया है। वहीं आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-223 की घोषणा के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है।

श्री सिंह ने निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन 21 अक्टूबर 2023 शनिवार को किया जाएगा। नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। नामांकन



पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर 2023 को की जाएगी तथा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 02 नवम्बर 2023 को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। मतदान 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को किया जाएगा तथा मतगणना 03 दिसम्बर (रविवार) को की जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनजागृति में पत्रकारों की महती भूमिका है। श्री सिंह द्वारा निर्वाचन प्रचार के दौरान उम्मीदवारों, राजनैतिक पार्टियों, मीडियाजनों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे विविध साधनों, माध्यमों तथा खर्च आदि के लिए निर्धारित सीमाओं, अनुमतियों एवं व्यय आदि के लिए आदर्श आचार सहिंता एवं अन्य अधिनियमों में वर्णित प्रावधानों तथा उनके उल्लंघन पर की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी तथा एमसीएमसी कमेटी का गठन किया जा चुका है, जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों



का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता बिना किसी व्यवधान के अपना मतदान कर सके, इसके लिए विशेष सुविधा की गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव गतिविधियों की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। प्रेस वार्ता में एसपी श्री मयंक अवस्थी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा बलों की ड्यूटी सहित अन्य आवश्यक आवश्यक जानकारी प्रदान की। प्रेस वार्ता में जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 5 हजार रुपये के इनामी स्थाई वारंटी को ऊमरी पुलिस ने मय हथियार किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संजय सिंह के मार्ग दर्शन में इनामी, फरारी आरोपियों, स्थाई वारंटियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के थाना लहार के अपराध क्र. 56/2019 धारा 457,511 भादवि न्यायालयीन प्र.क्र. 93/2019 में 5 हजार रुपये के इनामी स्थाई वारंटी को एक देशी कट्टा व राउण्ड के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 08/10/2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नहर की पुलिया ग्राम रूर के पास अवैध हथिया लिये घूम रहा है मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से सूचना की तस्दीक गई तो मुखबिर के बताये स्थान पर मुखबिर के बताये हुलिया का व्यक्ति मिला जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा। उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसकी कमर से एक देशी 315 बोर का कट्टा तथा पेन्ट की जेब से एक जिंदा राउण्ड मिला जिसे समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार शुदा आरोपी थाना लहार के अपराध क्र. 56/2019 धारा 457,511 भादवि न्यायालयीन प्र.क्र. 93/2019 में स्थाई वारंटी है जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। गिरफ्तार शुदा आरोपी आपराधिक प्रवृति का है जिसके विरुद्ध थाना ऊमरी पर चोरी, आर्म्स एक्ट, तथा थाना लहार में चोरी के प्रयास सहित कुल 03 अपराध पंजीबद्ध है।

# किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पेंची जी के पक्ष में जनसंपर्क किया

प्रतीश अग्रवाल, पुष्पांजलि टुडे



**मधुसूदनगढ़**-भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सत्यपाल पाल सिंह ने आजभाजपा मंडल मधुसूदनगढ़ के ग्राम खेराड, कादीखेड़ा, रघुनाथपुरा एवं बनियाटोडी गांवों का दौरा कर भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पेंची जी के पक्ष में जनसंपर्क किया। इस दौरे में मंडल अध्यक्ष के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सज्जन सिंह लोधी, मदनलाल केवट, रमेश लोधी, संतोष सेन एवं भारत सिंह लोधी साथ रहे।

# एक शाम गौ माता के नाम

## भजन संध्या में बही भजनों की रसधार, गौसेवा के लिए गौभक्तों ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा



**बेंगलूरू।** श्री रामपुरम गौ भक्त मंडल बेंगलूरू के तत्वाधान मैं एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन श्रीरामपुरम स्थित मुनेश्वर स्वामी मन्दिर मै रविवार शाम को किया गया। सबसे पहले आयोजकों ने मन्दिर मै गौ माता का दरबार सजाया गया गौ पूजन दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस विशाल भजन संध्या में महादेव भजन मंडली के भजन गायक राजुराम सीरवी, श्रवण माली, चुन्नीलाल, जीतु बन्जारा, हेमंत जोशी, कालुराम सीरवी सहित अनेक भजन गायकों ने गौ माता नाम एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति दी गई जिन पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। इस मौके पर गौशाला सहयोगार्थ गौभक्तों ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रमेश पंवार, ताराराम सोलंकी, ओमप्रकाश बर्फा, जगदीश बर्फा, भरत काग, जीतु महाराज, गोविंद कुमावत, चेनाराम कुमावत सहित बड़ी में गौभक्त उपस्थित रहे। मंच संचालन बलेपेट वडेर के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा ने किया।

# रक्तदान महाशिविर में 202 यूनिट रक्त संग्रहित किया

पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा




पुणे। सीरवी क्षत्रिय समाज युवा मंच ने संजय पार्क वडेर एअरपोर्ट रोड वडेर में रविवार को रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईमाता आरती दीप प्रज्वलित से हुआ। संस्था के युवा मंच के अध्यक्ष दिनेश देवडा (चौधरी) ने स्वागत किया. आयोजक सीरवी जय भवानी सेवा संस्थान संयोजक सीरवी क्षत्रिय समाज युवा मंच संजय पार्क एवं रेड प्लस बैंक भोजापुर के सहयोग से आयोजित शिविर में कुल 202 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में बीपी, वेट अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष दुर्गाराम सोलंकी, सचिव मिश्रीलाल काग, कोषाध्यक्ष थानाराम गेहलोत एवं डॉ सुभाष कोकने मथुरा हॉस्पिटल फिजिशियन, हिमगिरी विद्यालय के शिक्षक ढगे सर, भापकर सर, बाबा रामदेव मंडल के राकेश भाऊ, भुपेंद्र भाई, भवर चौधरी शिवसेना एवं समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे। यह रक्तदान महा शिविर यशस्वी बनाने मे सहयोग देने वाले सभी समाज के बंधुओ एवं माताओं बहनों एवं युवाओं का युवा मंच की ओर से बहुत बहुत धन्यावाद दिया और आभार व्यक्त किया।

# भाजपा सरकार यानी विकास की सरकारः विधायक उमाकांत शर्मा

## विधायक शर्मा ने रखी साढ़े सात करोड़ के विकास कार्य की अधारशिला

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। सोमवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर के विभिन्न हिस्सों के करीब साढ़े सात करोड़ के विकास कार्यो का भूमिपूजन शिलान्यास किया। इसमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के चौथे चरण में करीब 5 करोड़ की लागत से भोपाल रोड़ स्थित जल संयंत्र से तहसील मार्ग,मंडी मार्ग,बलेजा पेट्रोल पंप से छत्री चौराहा होते हुए शासकीय एलबीएस कॉलेज के आंगे कुरवाई चौराहे तथा पंचकुइयां घाट से उत्कृष्ट सड़क होते हुए काशी घाट तक की मार्गो को रोशन करने वाली डिजाइनर ओकटागोनल स्ट्रीट लाइट का काम शामिल है।

श्री गंगेश्वर जमनेश्वर महादेव मंदिर के निकट शीतला माता मंदिर के प्रधान पुजारी नलिनीकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने गांव गरीब किसान के कल्याण के लिए जनहितैषी योजना बनाकर अनेकों सौगातें देने के साथ प्रगति के पथ पर मध्यप्रदेश को ले जाने का काम किया है। कभी बीमारू ओर पिछड़ा कहे जाने वाला हमारे मध्यप्रदेश को आज विकसित प्रदेशों की श्रेणी में गिना जाने लगा है। देश के प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर काम करते हुए गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास देने के साथ कोरोना के संकटकाल में 80 करोड़ परिवारों को राशन देने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा वह करके दिखाया है ओर करके दिखाते है हमारी सरकारों ने कभी झूठ बोलकर कोई काम नही किया है । उन्होंने कहा कि 2013 में लक्ष्मीकांत शर्मा के चुनाव हारने से सिरोंज लटेरी विकास में पिछड़ गई थी मैंने अपने कार्यकाल में कांग्रेस के शासन और कोरोना के संकटकाल से निपटने के बाद शेष बचे समय में भी बहुत काम करने का प्रयास किया है। अब यह आप सबकी जिम्मेदारी है कि अब सिरोंज लटेरी में बड़ते विकास रथ का पहिया रुकना नही चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने कभी भी गुंडा तत्वों को सरंक्षण नही



दिया है हमारे क्षेत्र में हम किसी भी हालात में न गुंडा तत्वों को सहेंगे न झेलेंगे। उन्होंने नपाध्यक्ष मनमोहन साहू एवं भाजपा नेताओं के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं कन्या पूजन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव,पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग,हरिबाबू भार्गव, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,सहित सभी वार्डो के जनप्रतिनिधिगण,भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

**मुख्य मार्गो पर स्ट्रीट लाइटों के साथ काशीघाट तक बनेगी सीसी सड़क,पार्क में बनेगा बास्केटबॉल कोड**–शहर के चारो ओर के प्रवेश मार्गो को नया ओर आधुनिक रूप प्रदान करने की दिशा में विधायक शर्मा द्वारा विगत समय से किए जा रहे प्रयासों से स्वीकृत हुए विकास कार्यो में 5 करोड़ की लागत से नगर के प्रमुख भोपाल मार्ग से कुरवाई चौराहे तक अलग अलग हिस्सों में स्ट्रीट लाइट शामिल है। बासौदा मार्ग से जयस्तंभ गेट तक स्ट्रीट लाइटें पूर्व में नगरपालिका लगवा चुकी है। इसी तरह कायाकल्प अभियान में एक करोड़ चालीस लाख की लागत से पचुकुईयाँ घाट से उत्कृष्ट मार्ग होते हुए काशी घाट तक कि सड़क पर पहाड़ से निकलने वाले पानी निकासी के लिए पुलिया सहित सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा एवं इस मार्ग पर भी बड़ी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। श्री शर्मा ने अपनी विधायक निधि से शहर की जन जन की आस्था की केंद्र प्राचीन शीतला माता मंदिर के पास मृत्युंजय महादेव मंदिर परिसर में साड़े अड़तीस लाख से सामुदायिक भवन एवं आरोन मार्ग पर स्थित जिनोदय तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर बन रहे संत सुधा सागर इंटरनेशनल स्कूल के लिए पाँच लाख की लागत से बनने वाले झूला पार्क एवं बास्केटबॉल कोट निर्माण शामिल है। इसके अलावा लिंक रोड पर गिर्राज गार्डन से रामबाबू त्यागी तक सीसी सड़क एवं साड़े बारह लाख की लागत से नगरपालिका प्राँगण के पीछे का कक्ष शामिल है।

# चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता हुई लागू

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने आदर्श आचरण संहिता के पालन की अपील की, प्रभावी रूप से संपत्ति विरूपण हटाने की कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव-2023 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होते ही जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय भवनों, सार्वजनिक स्थलों



एवं विभिन्न मार्गो से फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर एवं झंडों को हटाने का अभियान चलाया है। संपत्ति विरूपण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन संजीव श्रीवास्तव ने सभी संबंधितों से आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी रूप से पालन की अपील की है। उन्होंने भिण्ड नगरपालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत, जनपद पंचायत के अधिकारियों सहित जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने क्षेत्र से संपत्ति विरूपण हटाने की कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर भिण्ड ने आम नागरिकों से कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कोई भी व्यक्ति संपत्ति विरूपित करने का कार्य नहीं करे। संपत्ति विरूपण करने पर संबंधित के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी तथा जुर्माना व दंडात्मक कार्यवाही भी की जायेगी। शासकीय अमले को निर्देशित किया गया है कि संपत्ति विरूपण अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। शासकीय संपत्तियों को किसी भी प्रकार से विरूपित नहीं किया जाए, वहीं निजी संपत्ति पर भी बिना भवन स्वामी की अनुमति के कोई बैनर, पोस्टर या दीवार लेखन नहीं किया जा सकता। इस संबंध में आज यहां शासकीय विभागों के अधीक्षकों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में निर्देश दिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर राजकुमार खत्री, भिण्ड और अटेर एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर भी मौजूद थे। बैठक में संपत्ति विरूपण के संबंध में जानकारी दी गई और कहा गया कि सभी कार्यालयों और शासकीय संस्थाओं में किसी भी प्रकार का संपत्ति विरूपण नहीं हो और प्रचार सामग्री भी नहीं दिखायी दे। यह सुनिश्चित किया जाये कि सभी शासकीय अधिकारी/कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन करें।

# विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को होगा मतदान, 3 दिसंबर को मतगणना

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 5 राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इनमें मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन का कार्यक्रम भी शामिल है। जारी कार्यक्रमानुसार 17 नवंबर को मतदान और 3 दिसंबर 2023 को मतगणना होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद से पूरे प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस आशय की जानकारी सोमवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। इस मौके पर कलेक्टर मैहर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार, सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े एवं रिटर्निंग ऑफीसर नीरज खरे, आरती यादव, एसके गुप्ता सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के जारी कार्यक्रमानुसार 21 अक्टूबर को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। रैगांव, रामपुर बघेलान, चित्रकूट और मैहर जिले की 2 विधानसभा क्षेत्र मैहर और अमरपाटन में मतदान 17 नवंबर को होगा और मतगणना 3 दिसंबर 2023 को की



नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर होगी और 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापसी 2 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे तक की जा सकेगी। सतना जिले की 5 विधानसभा सतना, नागौद, जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1950 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। उन्होने बताया कि संपत्ति विरुपण अधिनियम के तहत 24 घंटे के भीतर शासकीय कार्यालय और परिसर तथा 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थल और सार्वजनिक महत्व की सरकारी संपत्तियों से संपत्ति विरुपण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार बिना अनुमति निजी संपत्तियों पर प्रचार-प्रसार की संपत्ति विरुपण की सामग्रियां हटा दी जायेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस सहित शासकीय परिसरों में किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियां नहीं की जा सकेंगी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने की आवश्यक तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश और आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने पर चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरुप सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि आदर्श आचरण संहिता के पालन में सभी राजनैतिक दल और अभ्यर्थी पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें।

# नाइट कॉबिंग गश्त के दौरान राजस्थान राज्य के जयपुर तथा धौलपुर के दो स्थाई वारंटी भिण्ड पुलिस की गिरफ्तर में





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

थाना, ऊमरी। डीजीपी श्री सुधीर कुमार सक्सेना के दिशा-निर्देशन पर म.प्र. में अपराध पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सहायता के लिये म.प्र. पुलिस सक्रियतापूर्वक कार्य कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन श्री सुशान्त सक्सैना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक श्री कुमार सौरभ के मार्गदर्शन में नागरिकों की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु सभी जिलों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री मनीष खत्री, अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड संजय सिंह के मार्ग दर्शन में इनामी, फरारी आरोपियों, स्थाई वारंटियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान नाइट कॉबिंग गश्त में थाना प्रभारी ऊमरी थाना प्रभारी देहात व उनकी टीम द्वारा राजस्थान राज्य के दो स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार। थाना सैपऊ जिला धौलपुर राजस्थान के अपराध क्र. 323/2011 धारा 456,363,323,511 भादवि में वर्ष 2011 से फरार स्थाई वारंटी को ऊमरी पुलिस ने ग्राम ढोंचरा से तथा थाना सिंधी केम्प जिला जयपुर राजस्थान के अपराध क्र. 192/2004 धारा 365 भादवि में वर्ष 2004 से फरार स्थाई वारंटी को थाना देहात पुलिस द्वारा कुरथरा रोड से पकड़। उक्त दोनो स्थाई वारंटी विगत कई वर्षो से राजस्थान राज्य में अपराध घटित कर फरार थे जिन्हे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन पर पकड़ा जाकर राजस्थान पुलिस को सुपुर्द गिया गया। दोनो वारंटियों को राजस्थान पुलिस धौलपुर, जयपुर के लिये रवाना हुई। आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण निर्विघ्न संपन्न कराये जाने हेतु भिण्ड पुलिस जिले के अलावा दीगर जिला व दीगर प्रांत के स्थाई, इनामी वारंटियों पर भी कार्यवाही कर रही है।

1- स्थाई वारंटी ऋषि बाबा उर्फ ऋषि ठाकुर पुत्र वीरभान परमार उम्र 40 साल निवासी कुशवाह कालोनी भिण्ड
अप.क्र. 192/2004 धारा 365 भादवि थाना सिंधी केम्प जिला जयपुर राजस्थान (थाना देहात द्वारा कुरथरा रोड से पकड़ा गया )

2- स्थाई वारंटी जोगेन्द्र सिंह उर्फ महंत रामगिरि पुत्र हरविलाश कुशवाह निवासी श्यामपुरा थाना ऊमरी
अप.क्र। 323/2011 धारा 456, 363, 323, 511 भादवि थाना सैपऊ जिला धौलपुर राजस्थान (थाना ऊमरी द्वारा ग्राम ढोंचरा से पकडा गया )

**सराहनीय भूमिका**–उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह, थाना ऊमरी से उ.नि. मलखान सिंह, प्र.आर. आशीष तिवारी, विनोद चौहान, संतोष जाट, कुलदीप जाट, धर्मपाल सिंह, गौरव सिंह तथा थाना देहात से प्र.आर. केशव, आरक्षक मदन गोपाल पाण्डेय, संदीप राजावत, पवन पाण्डे, सतेन्द्र जाटव, तथा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विधानसभा निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

## मतदान 17 नवम्बर को और मतगणना 3 दिसम्बर को होगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा 2023 का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। तदनुसार भिण्ड जिले में सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को मतदान होगा। मतों की गिनती का कार्य 03 दिसम्बर 2023 (रविवार) को किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना 21 अक्टूबर 2023 (शनिवार) को जारी होगी। इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 (सोमवार) रहेगी। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) का कार्य 31 अक्टूबर 2023 (मंगलवार) को होगा। अभ्यर्थी 02 नवम्बर 2023 (गुरूवार) तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। जिले में 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को मतदान होगा और 3 दिसम्बर 2023 (रविवार) को मतगणना होगी।

# तय समय-सीमा में संपत्ति विरुपण के निवारण की कार्यवाही की जायेगी

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

**सम्पत्ति विरूपण रोकने दल गठित**

सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलो और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियो द्वारा शासकीय, अशासकीय भवनो की दीवारो पर किसी प्रकार के नारे लिखकर सम्पत्ति का विरूपण किये जाने की स्थिति में आदर्श आचरण संहिता के तहत तय समय-सीमा में विरुपण हटाने के निर्देश संबंधित उड़नदस्ता अधिकारियों को दिये हैं। ऐसे पोस्टर, बैनर हटाने, पंपलेट, नारे मिटाने के लिये संपूर्ण जिले की विधानसभा क्षेत्रों के लिये 20 दल गठित किये है। जिसमें नगरीय क्षेत्रों के लिये 12 और ग्रामीण क्षेत्रों के लिये 8 दल गठित किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्र सतना के लिये आयुक्त नगर निगम सतना, सिटी मजिस्ट्रेट सतना और नगर पुलिस अधीक्षक सतना को दल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिक क्षेत्र मैहर, नगर परिषद नागौद, अमरपाटन एवं मझगवां के लिये संबंधित क्षेत्र के उपखंड मजिस्ट्रेट, सीएमओ, एसडीओपी तथा नगर परिषद उचेहरा, रामनगर, रामपुर बघेलान, कोटर, बिरसिंहपुर, कोठी के लिये संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, सीएमओ, थाना प्रभारी एवं नगर परिषद जैतवारा के लिये नायब तहसीलदार, सीएमओ और थाना प्रभारी जैतवारा को संपत्ति विरुपण दल में शामिल किया गया है।

## सम्पादकीय

# बेलगाम अलगाववादी

खालिस्तानी चरमपंथियों के सवाल पर कनाडा से चल रहे विवादों के बीच ब्रिटेन के ग्लासगो में भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारा जाने से रोके जाने की जो घटना सामने आई है, वह इस पूरे मामले की गंभीरता को कई गुना बढ़ा देती है। यह वाकई चिंताजनक है कि स्कॉटलैंड के ग्लासगो गुरुद्वारा में पहले से तय एक कार्यक्रम में शिरकत के लिए जा रहे भारतीय उच्चायुक्त की गाड़ी गुरुद्वारे के पार्किंग में ही रोकी गई, खालिस्तान समर्थक तीन व्यक्तियों ने न केवल धमकियां और गालियां दीं बल्कि उच्चायुक्त की कार के दरवाजे भी जबरन खोलने के प्रयास किए। अच्छा हुआ कि आयोजन से जुड़े कुछ लोगों ने समय पर हस्तक्षेप करते हुए इन लोगों को रोका और खुद उच्चायुक्त ने भी हालात को और बिगड़ने से बचाने के लिए तत्काल गाड़ी वापस लेने का फैसला कर लिया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में ब्रिटेन सरकार और वहां के पुलिस महकमे को बताया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा न हो। लेकिन यह घटना भी कई सवाल खड़े करती है। गौर करने वाली बात है कि ग्लासगो के ये खालिस्तानी तत्व भी कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान का हवाला देते हुए भारतीय उच्चायोगकर्मियों के गुरुद्वारे में आने का विरोध कर रहे थे। ध्यान रहे, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की संसद में जो आरोप भारत पर लगाया, उसके पक्ष में कोई भी सबूत वहां की सरकार अभी तक पेश नहीं कर पाई है। फिर भी खालिस्तानी तत्वों को उनके इस आधारहीन, साक्ष्यहीन आरोप ने एक आड़ दे दी है जिसके सहारे अब वे पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा सुविधाजनक ढंग से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर सकते हैं। ग्लासगो की घटना बताती है कि कनाडा से शुरू हुई यह बीमारी फैल रही है। इससे पहले कि यह अन्य देशों में भी सिर उठाए, इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने सही कहा है कि दूतावास के परिसर पर हमले करना और दूतावास के अधिकारियों-कर्मचारियों को धमकी देना एक खतरनाक ट्रेंड है। इसे नॉर्मलाइज करना बेहद नुकसानदेह साबित हो सकता है। इससे न केवल दूतावास से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अपना काम करना मुश्किल होता है बल्कि दो देशों के आपसी रिश्तों पर भी असर पड़ सकता है। ध्यान रहे, ग्लासगो गुरुद्वारे का कार्यक्रम भी समुदाय के लोगों और कॉन्सुलर से जुड़े मुद्दों पर बातचीत से संबंधित था, जिसे बाधित करना खालिस्तानी तत्वों की सोची-समझी योजना का हिस्सा हो सकता है। बहरहाल, कनाडा के पीएम की जो भी राजनीतिक मजबूरियां हों, बाकी देशों को यह समझना ही चाहिए कि आतंकवाद से दुनिया की लड़ाई तब तक अधूरी है जब तक उसमें आतंकवाद के सभी रूपों को शामिल करते हुए उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति नहीं अपनाई जाएगी।

# बेरोजगारी की समस्या का हल निकालना मोदी सरकार की बहुत बड़ी सफलता है

**प्रह्लाद सबनानी**

भारतीय सनातनी वेदों एवं ग्रंथो में इस बात के कई प्रमाण मिलते हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि भारत सदैव ही आर्थिक रूप से सम्पन्न देश रहा है एवं भारत के समस्त नागरिकों के लिए रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध रहे हैं। मुद्रा स्फीति, आय की असमानता, बेरोजगारी एवं ऋण के भारी बोझ के तले दबे रहना जैसे शब्दों का तो प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास में वर्णन नहीं के बराबर मिलता है। भारत के समस्त नागरिकों की पर्याप्त मात्रा में आय होती थी जिससे वह अपने परिवार का आसानी से गुजर बसर कर पाते थे एवं समाज में समस्त नागरिक प्रसन्नता पूर्वक रहते थे। दरअसल प्राचीन भारत के उस खंडकाल में नागरिकों में उद्यमशीलता अपने चरम पर थी। परिवार के जमे जमाए व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी सफलतापूर्वक आगे चलते रहते थे एवं परिवार के सदस्यों के आय अर्जन का मुख स्त्रोत बने रहते थे। इस दृष्टि से नागरिकों को सामान्यतः नौकरी के लिए परिवार के पारम्परिक व्यवसाय के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। इस प्रकार उस खंडकाल में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न ही नहीं होती थी।

भारत पर आक्रांताओं के आक्रमण एवं इसके तुरंत बाद अंग्रेजों के शासनकाल में भारतीय नागरिकों की उद्यमशीलता को समाप्त कर उनमें नौकरी करने की भावना को विकसित किया गया क्योंकि अंग्रेजों को अपने शासन को सुचारू रूप से संचालन के लिए नौकरों की आवश्यकता थी। अंग्रेजों के शासनकाल में भारत की शिक्षा पद्धति को भी कुछ इस प्रकार से परिवर्तित किया गया कि भारतीय नागरिक अपनी पढ़ाई समाप्त करने के पश्चात अंग्रेजों के संस्थानों में केवल नौकरी कर सके। दीर्घकाल में इसका परिणाम यह हुआ कि भारतीय नागरिक केवल नौकरी को ही रोजगार का साधन मानने लगे और उन्हें यदि नौकरी नहीं मिल पाती तो वे अपने आप को बेरोजगार मानने लगे। भारतीय नागरिकों में उद्यमशीलता तो जैसे समाप्त ही हो गई थी। परंतु, पिछले लगभग 10 वर्षों के दौरान भारतीय नागरिकों में उद्यमशीलता को पुनः पैदा करने के अथक प्रयास किये गए हैं, जिनमे सफलता भी मिलती दिखाई दे रही है और भारत में अब पुनः बहुत बड़ी मात्रा में उद्यमों को स्थापित किया जा रहा है, जिससे भारतीय नागरिक अब धीरे-धीरे नौकर नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनते जा रहे हैं।

पिछले एक दशक के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने भारतीय नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई नई योजनाएं प्रारम्भ की हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) प्रारम्भ की गई थी। इस योजना को प्रारम्भ करने का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को सुरक्षित बेहतर आजीविका प्राप्त करने के लिए उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना था। वर्ष 2016 में स्टार्ट-अप इंडिया योजना देश में लागू की गई थी। इस योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा तंत्र विकसित करना था, जो पूरे देश में उद्यमिता का पोषण और प्रचार करता हो। वर्ष 2016 में ही स्टैंड अप इंडिया योजना प्रारम्भ की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और एससी/एसटी उधारकर्ताओं को 10 लाख रुपये तक के बैंक ऋण की सुविधा तथा



ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए 1 करोड़ रु. तक का ऋण प्रदान करना था। इसके पूर्व, वर्ष 2014 में राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की स्थापना 'कौशल भारत' एजेंडे को 'मिशन मोड' में चलाने के लिए की गई थी ताकि मौजूदा कौशल प्रशिक्षण पहलों को एकजुट किया जा सके और कौशल प्रयासों के पैमाने और गुणवत्ता को गति के साथ जोड़ा जा सके। इन योजनाओं के साथ ही भारतीय नागरिकों और राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को सम्बोधित करने के लिए भारत सरकार द्वारा कई अन्य योजनाएं (पीएम गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत, प्रसाद योजना, आदि) भी प्रारम्भ की गई हैं। विभिन्न सरकारों के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे कुछ सांस्कृतिक संगठनों ने भी भारत में रोजगार के अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से कई अन्य सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर भी कुछ प्रयास प्रारम्भ किया गए। संघ ने तो अपने कुछ आनुषांगिक संगठनों को यह जिम्मेदारी सौंपी कि वे इस क्षेत्र में विशेष प्रयास करें। इन सामाजिक, आर्थिक एंड सांस्कृतिक संगठनों ने मिलकर समाज में विशेष रूप से युवा नागरिकों के उद्यमशीलता को पुनः विकसित करने के सफल प्रयास किए हैं एवं अब एक बार पुनः भारत में उद्यमों को बढ़ावा मिलता दिखाई दे रहा है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर्मचारी भविष्यनिधि संस्थान में रजिस्टर हुए नए सदस्यों की संख्या वित्तीय वर्ष 2018-19 में 61 लाख थी जो वित्तीय वर्ष 1920-21 में 77 लाख, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 122 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 139 लाख हो गई है। इस संख्या में लगातार सुधार से आशय यह है कि देश में युवाओं को फोर्मल रोजगार बड़ी संख्या में मिल रहे हैं। यहां इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि इस दौरान विश्व के अन्य देशों में कई कम्पनियों में कर्मचारियों की छंटनी की गई है। इसी प्रकार पीरिओडिक लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार जनवरी 2022 से भारत में बेरोजगारी की दर में लगातार कमी देखने को मिल रही है। जनवरी 2022 में देश में बेरोजगारी की दर 8.2 प्रतिशत थी जो अप्रैल-जून 2022 तिमाही में घटकर 7.6 प्रतिशत तो वहीं जुलाई-सितम्बर 2022 तिमाही में 7.2 प्रतिशत, अक्टूबर-दिसम्बर 2022 तिमाही में 7.2 प्रतिशत से घटाकर जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में 6.8 प्रतिशत पर आ गई है। सीएमआईई द्वारा जारी एक अन्य जानकारी के अनुसार, भारत में बेरोजगारी की दर मार्च 2023 में घटकर 7.6 प्रतिशत हो गई है जो मार्च 2022 में 8 प्रतिशत एवं मार्च 2021 में 10 प्रतिशत थी।

शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक) में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में घटकर 9.2 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि एक वर्ष पहिले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत थी। वहीं, पुरुषों में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर इस वर्ष पहली तिमाही में कम होकर 6 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में 7.7 प्रतिशत थी।

देश में राज्यवार बेरोजगारी का विश्लेषण करने पर ध्यान में आता है कि 10 प्रतिशत से अधिक बेरोजगारी की दर वाले राज्य हैं, हरियाणा में 37.4 प्रतिशत, राजस्थान में 28.5 प्रतिशत, दिल्ली में 20.8 प्रतिशत, बिहार में 19.1 प्रतिशत, झारखंड में 18 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 14.8 प्रतिशत, त्रिपुरा में 14.3 प्रतिशत एवं सिक्किम में 13.6 प्रतिशत है। जबकि 5 प्रतिशत से कम बेरोजगारी की दर वाले राज्य हैं ओडिशा में 0.9 प्रतिशत, गुजरात में 2.3 प्रतिशत, कर्नाटक में 2.5 प्रतिशत, मेघालय में 2.7 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 3.1 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 3.2 प्रतिशत, छतीसगढ़ में 3.4 प्रतिशत, तेलंगाना में 4.1 प्रतिशत, उत्तराखंड में 4.2 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 4.3 प्रतिशत, तमिलनाडु में 4.7 प्रतिशत, आसाम में 4.7 प्रतिशत एवं पुदुचेरी में 4.7 प्रतिशत। विशेष रूप से मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश राज्य, जो कुछ वर्ष पूर्व तक बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल थे, में बेरोजगारी की दर में अतुलनीय रूप से कमी दृष्टिगोचर हुई है।

जनवरी-मार्च 2023 अवधि में देश में 45.2 फीसदी नागरिकों को रोजगार मिला हुआ है जो इससे पहले की तिमाही में 44.7 फीसदी पर था। उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक के दौरान भारत ने आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ी छलांग लगाई है। स्पष्ट है कि सरकार ने अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसे भी संबल प्रदान करने की तमाम कोशिशें की हैं। जिसके परिणामस्वरूप, भारत में अगस्त 2023 माह में 46.21 करोड़ नागरिकों को रोजगार मिला हुआ था जबकि अगस्त 2022 में 43.02 करोड़ नागरिकों को ही रोजगार प्राप्त था, इस प्रकार एक वर्ष के दौरान 3.19 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

# अंतरिक्ष में नासा के दबदबे को खत्म करने का संकल्प पूरा करने के करीब पहुँच चुका है चीन

**नीरज कुमार दुबे**

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन अपने जीवनकाल के अंत के करीब पहुँच चुका है। ऐसे में अब चीन की नजर अंतरिक्ष का बादशाह बनने पर लग गयी है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को निर्देश दे रखे हैं कि हर हाल में आने वाले समय में चीन को अंतरिक्ष की दुनिया का सरताज बनाना है। इसलिए चीनी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने अपने प्रयास तेज कर दिये हैं। अजरबैजान के बाकू में आयोजित 74वीं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री कांग्रेस में चीन की अंतरिक्ष एजेंसी चाइना एकेडमी ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी (र्णिएऊ) ने जो कुछ बताया है वह पूरी दुनिया को सावधान करने के लिए काफी है। हम आपको बता दें कि चीन की ओर से कहा गया है कि वह आने वाले वर्षों में अपने अंतरिक्ष स्टेशन को तीन से छह मॉड्यूल तक विस्तारित करने की योजना बना रहा है, जिससे अन्य देशों के अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी के निकट वाले मिशनों के लिए एक वैकल्पिक मंच उपलब्ध हो सकेगा। चीन ने कहा है कि चूंकि नासा के नेतृत्व वाला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का कार्यकाल समाप्त होने वाला है इसलिए दुनिया को अंतरिक्ष में अपने मिशनों के लिए एक विकल्प की जरूरत है जोकि वह उपलब्ध करायेगा। जरा सोचिये! चीन जब धरती पर रह कर ही दुनिया की इतनी जासूसी करता है तो ऐसे में यदि अंतरिक्ष में उसकी बादशाहत हो गयी तो वह अपना पूरा अमला ही दुनिया की निगरानी करने में लगा देगा।

जहां तक अंतरिक्ष में चीनी स्टेशन की बात है तो उसके बारे में बताया गया है कि चीनी अंतरिक्ष स्टेशन का परिचालन जीवनकाल 15 वर्ष से अधिक होगा। पहले इसका जीवनकाल मात्र 10 वर्षों का ही बताया गया था। हम आपको बता दें कि चीन का स्व-निर्मित अंतरिक्ष स्टेशन, जिसे तियांगोंग या चीनी में सेलेस्टियल पैलेस के रूप में भी जाना जाता है, वह 2022 के अंत से पूरी तरह चालू हो गया है। चीन का अंतरिक्ष स्टेशन 450 किमी (280 मील) की कक्षीय ऊंचाई पर है और अभी यहां अधिकतम तीन अंतरिक्ष यात्री रह सकते हैं। अभी चीन का जो अंतरिक्ष स्टेशन है वह आईएसएस



के मुकाबले 40 प्रतिशत ही है क्योंकि नासा के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन एक साथ सात अंतरिक्ष यात्रियों को संभाल सकता है जबकि चीन का स्टेशन मात्र तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ही एक साथ रख सकता है। इसीलिए चीन ने अब अपने अंतरिक्ष स्टेशन के छह मॉड्यूल तक विस्तार की योजना बनाई है। हम आपको बता दें कि दो दशकों से ज्यादा समय से अंतरिक्ष में मौजूद आईएसएस के 2030 के बाद निष्क्रिय होने की उम्मीद है। उससे पहले चीन का प्रयास है कि वह एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बन जाये।

हम आपको यह भी बता दें कि चीन के सरकारी मीडिया ने पिछले साल कहा था कि तियांगोंग पूरी तरह से चालू हो गया है। चीन ने यह भी कहा था कि ऐसे में जबकि आईएसएस अपना जीवनकाल समाप्त होने की ओर बढ़ रहा है तब चीन अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में कोई ढील नहीं देगा। चीन का यह भी दावा है कि कई देशों ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों को चीनी स्टेशन पर भेजने के लिए आग्रह करना शुरू भी कर दिया है। हालांकि चीन के दावे पर एक तरह से सवाल उठाते हुए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा है कि उसके पास चीनी अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने यात्रियों को भेजने के लिए बजट ही नहीं था इसलिए यूरोपीय अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना को बहुत पहले ही ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

बहरहाल, जहां तक चीन की अंतरिक्ष कूटनीति की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि वह वर्षों से इस दिन की प्रतीक्षा के लिए प्रयास कर रहा था और अब वह अंतरिक्ष में नासा के दबदबे को खत्म करने का संकल्प पूरा करने के करीब पहुँच चुका है। हालांकि विस्तारवादी चीन के खतरनाक मंसूबों ने अंतरिक्ष में एक नई दौड़ को जन्म दे दिया है। देखा जाये तो आईएसएस से अलग होने के बाद चीन अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने बढ़ते प्रभाव के चलते अमेरिका के लिए बहुत बड़ी चुनौती भी बन गया है। वैसे, अंतरिक्ष में सिर्फ चीन ही अपना सिक्का नहीं जमा रहा बल्कि भारत और रूस समेत अन्य देश भी अपनी योजनाएं बना रहे हैं। आईएसएस से अलग होने की घोषणा के बाद रूस ने भी अंतरिक्ष कूटनीति की कुछ योजनाएं बना कर काम शुरू कर दिया है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने पिछले साल कहा था कि वह छह मॉड्यूल वाला एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना बना रही है, जिसमें चार अंतरिक्ष यात्री रह सकेंगे। हम आपको यह भी बता दें कि ब्रिक्स समूह में रूस के भागीदार देश ब्राजील, भारत और दक्षिण अफ्रीका भी अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक मॉड्यूल का निर्माण करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। खैर...अंतरिक्ष में चीन की बढ़ती ताकत दुनिया को नये खतरों का संकेत दे रही है।

# जातीय जनगणना पर आपत्ति क्यों जता रहे हैं कुछ लोग? भारतीय समाज का ताना-बाना जाति व्यवस्था पर ही आधारित है

**बृजनन्दन राजू**

जाति जोड़ती नहीं बल्कि समाज को तोड़ती है। जाति की प्रकृति ही विखंडन और विभाजन करना है। भारत में जाति व्यवस्था प्राचीन काल से विद्यमान है। आज वह अव्यवस्था में तब्दील हो गयी है। वर्तमान में जाति की समस्या विकराल समस्या है। जाति के आधार पर राष्ट्र का उत्थान नहीं हो सकता। जाति प्रथा राष्ट्रीय चेतना को धूमिल कर देती है। फिर भी इससे छुटकारा पाना इतना आसान नहीं है। भारतीय समाज का ताना-बाना जाति व्यवस्था पर आधारित है। जब तक समाज में जाति के आधार पर भेदभाव होता रहेगा तब तक आदर्श समाज का निर्माण नहीं हो सकता। जाति प्रथा अगर गलत है तो उस पर परदा नहीं डालना चाहिए। जातीय जनगणना देशभर में होनी चाहिए और सत्य आंकड़े सामने आने चाहिए। भाजपा भी आज नहीं तो कल इसका समर्थन करेगी। समाज में आज भी अस्पृश्यता विद्यमान है। समाज के किसी भी वर्ग के साथ अन्याय एवं अत्याचार नहीं होना चाहिए। अनुसूचित समाज के बंधुओं ने बहुत अत्याचार व कष्ट सहन किये हैं फिर भी उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा। उनके साथ समानता का व्यवहार होना चाहिए और उनको आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। वर्तमान में देखा जाए तो पिछड़े और दलित समाज के बंधु किसी की कृपा नहीं चाहते हैं। वह समाज में बराबरी का स्थान और सम्मान चाहते हैं। पिछड़े और अति पिछड़े अभी तक पिछड़े हुए हैं क्योंकि इन्हें सभी प्रकार की सुविधा और अवसर नहीं मिल पाया। सभी व्यक्ति ईश्वर की संतान हैं। सभी में ईश्वर का अंश विद्यमान है फिर उनके प्रति नफरत का भाव नहीं रखना चाहिए। अगर व आर्थिक रूप से पीछे हैं तो इसके लिए जिम्मेदार वह नहीं बल्कि समर्थ समाज है। बिहार में हुई जातीय जनगणना के आंकड़ों ने देश का ध्यान आकृष्ट किया है। जातिगत जनगणना कराने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है। बिहार में सर्वाधिक 63 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग की है। हिन्दू सवर्ण अपेक्षाकृत कम हुए हैं जबकि पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति की संख्या में वृद्धि हुई है। अभी 15.52 प्रतिशत सवर्ण हैं। वहीं अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत व अनुसूचित जनजाति 01.68 प्रतिशत है। वहीं मुस्लिम 18 प्रतिशत हैं। इससे पहले 1931 में जातिगत जनगणना हुई थी। 1931 की जनगणना के अनुसार हिन्दू जनसंख्या जहां 85 प्रतिशत से घटकर 82 प्रतिशत हो गयी है। वहीं



मुस्लिम जनसंख्या 14 प्रतिशत से बढ़कर 17 प्रतिशत हो गयी है। हिन्दू जातियों में देखें तो केवल यादवों की जनसंख्या में दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं मल्लाह, मुसहर व चमार में 01 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है शेष सभी हिन्दू जातियों की जनसंख्या के प्रतिशत में गिरावट आयी है। यह गिरावट चिंताजनक है। सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि बिहार में हैं अगर आप तो सावधान रहिए, या फिर बिहार छोड़ दीजिए। कम से कम बच्चों को बाहर ही भेज दीजिए। बिहार अब रहने लायक नहीं रहा। ऐसे लोग सामाजिक विघटन को बढ़ावा देना चाहते हैं। भारत के नौ राज्यों में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं। मुस्लिम जनसंख्या देश में तेजी से बढ़ रही है। उन्हें इसकी चिंता नहीं है। जाति प्रथा को कैसे समाप्त किया जाए इस पर विचार होना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले उपजातियों को समाप्त किया जाए। क्योंकि इनके बीच आपसी तौर तरीके तथा स्तर में अधिक समानता है। लेकिन राजनीतिक दल जातियों में उप जाति खोज रहे हैं। वर्तमान में देखा जाये तो जातिवाद का विरोध करने वाले सामाजिक व राजनीतिक संगठन भी जातिवाद से ग्रस्त हैं। भाजपा समेत सभी राजनैतिक दल विधानसभा व लोकसभा चुनाव के समय जातिगत समीकरण को ही आधार बनाकर प्रत्याशी चयन करते हैं। राजनीतिक दल जातियों में उपजातियां खोजते हैं। वोटों के लिए जातीय सम्मेलन करते हैं। पिछड़ों में अति पिछड़ों की तलाश कर रहे हैं। जाति प्रथा किसी भी रूप उचित नहीं है। लेकिन जाति के आधार पर आरक्षण, जाति के आधार पर आयोग का गठन, जाति के आधार पर संवैधानिक संस्थाएं, जातीय संगठनों को मान्यता, जाति के आधार पर राजनीति में भागीदारी, जाति के आधार पर मोर्चा व प्रकोष्ठों का गठन, जाति के आधार पर योजनाओं का निर्माण होता है तो जातीय जनगणना पर आपत्ति नहीं करनी चाहिए।

आज जातीय जनगणना की मांग कांग्रेस भी कर रही है। कांग्रेस पार्टी पिछड़ों की समर्थक कभी नहीं रही। पिछड़ों के उत्थान के लिए कांग्रेस ने काम भी नहीं किया। जब मण्डल कमीशन लागू किया गया था जब भी विपक्ष के नेता के तौर पर राजीव गांधी ने विरोध किया था। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातिगत जनगणना कराई थी लेकिन उसका विवरण जारी नहीं किया। राजस्थान में भी 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जातिगत जनगणना कराई थी लेकिन उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते साल 2011 में जो आखिरी जनगणना हुई थी, उसमें जातिगत आंकड़े भी दर्ज किये गए थे, लेकिन यह डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया।

बिहार सरकार ने जातिगत आंकड़े जारी किये हैं। अब देखना यह है बिहार सरकार उन जातियों के उत्थान के लिए कोई नीति बनाती है या फिर केवल यह मुद्दा राजनैतिक स्टंट मात्र बनकर रह जायेगा। भाजपा के सहयोगी दल भी जातिगत जनगणना कराये जाने की मांग कर रहे हैं। इससे भाजपा पर दबाव निश्चित तौर पर बढ़ेगा क्योंकि इतनी बड़ी आबादी को नकारा नहीं जा सकता है। सवर्ण हिन्दू हमेशा ही जातिगत जनगणना के विरोधी रहे हैं। जाति व्यवस्था देश की सबसे बड़ी समस्या है। समस्या से ही समाधान निकालना है। यह सच्चाई प्रकट होनी थी। बावजूद उनकी हिस्सेदारी काफी कम है, आज भी उनके साथ भेदभाव हो रहा है। यदि जाति जनगणना के आंकड़े सही होंगे तो उनके कल्याण के लिए संचालित की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होगी। इससे उनकी शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति कैसी है, भविष्य में उनके लिए किस तरह की नीतियों की आवश्यकता है, इसके बारे में निर्णय लेने में आसानी होगी। देखा जाये तो भारत के अलावा कोई भी ऐसा देश नहीं होगा जिसमें इतनी जाति और उप जाति होंगी। फिर भी सभी जातियों में आपस में एकता थी और आज भी सामाजिक एकता विद्यमान है।

वैसे जातीय जनगणना से भाजपा विरोधी पार्टियों को बहुत फायदा होने वाला नहीं है। पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों में हिन्दुत्व के प्रति स्वाभिमान और मैं भी हिन्दू हूं का बोध विकसित हुआ है। देश में पिछड़े समाज के सबसे ज्यादा सांसद व विधायक भाजपा में हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण पिछड़े समुदाय का वोट भाजपा के पास ही सर्वाधिक जाता है। वह जाति-जनगणना होने से भाजपा विरोधी पार्टियों के पास जाने वाला नहीं है। जाति की बात नापसंद करने वाले युवाओं की अब बड़ी संख्या है। ये युवा हर समुदाय में हैं और समाज के मत को प्रभावित करते हैं। इससे भाजपा और अधिक मजबूत होगी।

# विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता लागू

## निष्पक्ष कराया जायेगा विधानसभा निर्वाचन चुनाओ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि रीवा जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों रीवा, सेमरिया, सिरमौर, त्योंथर, मनगवां तथा गुढ़ एवं मऊगंज के दो विधानसभा क्षेत्रों देवतालाब तथा मऊगंज विधानसभा के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। इसके साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की आदर्श आचरण संहिता लागू हो गयी है। विधानसभा चुनाव के अधिसूचना 21 अक्टूबर 2023 को जारी की जायेगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। रीवा जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों के नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में दाखिल किये जायेंगे। मऊगंज जिले की दो विधानसभा क्षेत्रों के नामांकन पत्र कलेक्टर कार्यालय मऊगंज में दाखिल किये जायेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर की जायेगी। उम्मीदवार 2 नवम्बर तक नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित मतदान केन्द्रों में 17 नवम्बर को मतदान होगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना जिला मुख्यालय रीवा में 3 दिसम्बर को होगी। मतदान वीवीपैट मशीन के माध्यम से कराया जायेगा। जिसमें मतदाता अपने मतदान की पुष्टिकरण पर्ची देख सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के साथ ही चुनाव की आदर्श आचरण संहिता जिले भर में लागू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष संपन्न कराये जायेंगे। विधानसभा चुनाव के लिये निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अधिनियम सहित विभिन्न वैधानिक प्रावधानों के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है।




अनुसार सभी तैयारियां की जा रही हैं। सम्पत्ति विरूपण अधिनियम, कोलाहल नियंत्रण कलेक्टर ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों में पानी, छाया, शौचालय आदि की व्यवस्था कर दी गयी है। दिव्यांग मतदाता तथा 80 साल से अधिक आयु के मतदाता डाकमत पत्र के माध्यम से घर से भी मतदान कर सकते हैं। मतदान केन्द्र में इन्हे मतदान की पूरी सुविधा दी जायेगी। मतदाता सूची पूरी शुद्धता से तैयार की गयी है। सभी मतदान केन्द्रों में बीएलओ ने सराहनीय कार्य करके पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़े हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में 66 हजार युवा मतदाता तथा 62 हजार से अधिक महिला मतदाता के नाम शामिल किये गये हैं। महिलाओं के बड़ी संख्या के नाम शामिल करने से लिंगानुपात 914 हो गया है। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 18 लाख 35 हजार 130 है। इसमें 9 लाख 58 हजार 545 पुरूष तथा 8 लाख 76 हजार 560 महिला मतदाता हैं। दोनों जिलों में कुल 2014 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। कलेक्टर ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था की कड़ी निगरानी की जायेगी। अब 9 हजार से अधिक आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है। सभी प्रमुख मार्गों पर चेकपोस्ट बना दिये गये हैं। इनमें पुलिस और राजस्व के साथ-साथ आबकारी, वन तथा कामर्सियल टैक्स के अधिकारी भी तैनात रहेंगे। चुनाव प्रचारों पर निगरानी, पेड न्यूज तथा सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए टीम तैनात कर दी गयी है। समाचार पत्रों तथा सोशल मीडिया में पोस्ट करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने विधानसभा चुनाव में किये जा रहे सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले, जनसंपर्क अधिकारी उमेश तिवारी तथा शिवप्रसन्न शुक्ला एवं बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## सतना कलेक्टर ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी निर्वाचन से संबंधित जानकारी




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

सतना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिये निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर निर्वाचन कार्यक्रम और जिले में की गई चुनाव तैयारी की जानकारी दी। इस मौके पर कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल,सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषि पवार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूटी सवार को टक्कर मारने के बाद महालक्ष्मी बस अनियंत्रित होकर पलटी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**



रीवा। मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर से रीवा की ओर आ रही महालक्ष्मी ट्रेवल्स की बस सगरा थाना क्षेत्र के मझगवा के पास एक स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मारी जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद बस में अनियंत्रित होकर पलट। जिससे कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। मौके पर पहुंची सगरा पुलिस घायलों को संजय गांधी अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था में जुटी रही।

## 11 अक्टूबर को पंजाब के मुख्यमंत्री का होगा मऊगंज आगमन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

मऊगंज । आम आदमी पार्टी की चुनावी तैयारी जोरों पर चल रही है। जिसको लेकर 11 अक्टूबर को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का मऊगंज आगमन होने जा रहा है। यहां पर श्री मान मऊगंज कलेक्ट्रेट के समीपस्थ मैदान आयोजित विशाल आमसभा में जनता को सम्बोधित करेंगे। उक्ताशय की जानकारी आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव व मऊगंज विधानसभा से घोषित प्रत्याशी उमेश त्रिपाठी ने दी है।

## प्रज्ञा त्रिपाठी हो सकती हैं बीजेपी के लिए गुढ़ में तुरुप का इक्का

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। मप्र में 2023 के विधानसभा चुनावों के लिए जहां राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर जारी है वहीं लगातार अटकलों का बाजार भी गर्म है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों में प्रत्याशी बनने के लिए दावेदार ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उसी के साथ आए दिन कोई न कोई मीडिया चैनल की खबर प्रत्याशियो की घोषणा करती हुई नजर आती है। आज हम बात कर रहे हैं रीवा जिले की गुढ़ विधानसभा की जहां भाजपा और कांग्रेस से आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार जोर आजमाइश कर रहे हैं। यहां हम भारतीय जनता पार्टी के सम्भावित दावेदारों की जीत की सम्भावना, उनकी जमीनी तैयारी और सामाजिक राजनीतिक समीकरणों की बात करेगें। रीवा शहर से सटी कष्टहरनाथ की इस धरती गुढ़ से भारतीय जनता पार्टी के लिए एक प्रमुख नाम रीवा के पूर्व सांसद और गुढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक स्व. चंद्रमणि त्रिपाठी की बेटी प्रज्ञा त्रिपाठी का प्रत्याशी के रूप में हो सकता है। आखिर क्यूं बीजेपी के लिए प्रज्ञा गुढ़ में तुरूप का इक्का हो सकती है इस खबर का हम विश्लेषण करेंगे। हमारे सूत्रों के अनुसार अमित शाह और शिवराज दोनों के सर्वे के साथ ही संघ के सर्वे में भी प्रज्ञा त्रिपाठी का नाम पैनल में रीवा के सिरमौर विधानसभा के साथ ही गुढ़ विधानसभा से भी प्रमुखता से रहा है। प्रज्ञा त्रिपाठी रीवा जिले में एकमात्र ऐसी नेत्री रही जिनका दो विधानसभा से सर्वे और पैनल में नाम है। बीते दिनों जिस तरह चौंकाने वाले फैसले लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपने केंद्रीय मंत्रियो और सांसदों को मैदान में उतारा है,तो ऐसी ही उलटफेर की सम्भावना रीवा जिले की आठों विधानसभा के साथ ही गुढ़ में भी हो सकती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम करने के कारण बीजेपी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से प्रज्ञा की नजदीकी तो रही ही है,महिला मोर्चा की केंद्रीय टीम में काम करने के समय केन्द्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी से भी इनकी नजदीकी राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय है।



## जिला दण्डाधिकारी ने शस्त्र लायसेंस किये निलंबित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा किये जाने के साथ ही संपूर्ण रीवा जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इस दौरान जन सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने तथा निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि जिले के अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र निलम्बित किये जायें तथा अस्त्र-शस्त्र विधानसभा का निर्वाचन सम्पन्न होने तक जमा कराये जायें । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित करने के आदेश दिये हैं। सभी शस्त्रधारियों को उनके शस्त्र 20 अक्टूबर तक निकटम थाने में अनिवार्य रूप से जमा कराने के आदेश दिये गये हैं। यह कार्यवाही आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 की उपधारा 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गयी है। आदेश व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इस लिए इसे एक पक्षीय रूप पारित किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग विभिन्न संचार माध्यमों से आमजनता को इसकी सूचना उपलब्ध करायें। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड प्रक्रिया की धारा 188 तथा आयुध अधिनियम 1959 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश लोक कर्तव्य में लगे पुलिस बल के अधिकारी, कर्मचारी, आबकारी निरीक्षकों, वन विभाग के कर्मियों, बैंक के सुरक्षा कर्मियों एवं प्राइवेट औद्योगिक प्रतिष्ठानों व परिसरों में लगे सुरक्षा कर्मियों, न्यायाधीशगण, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों तथा अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होंगे।

## राजनीतिक पद रुतवा हुआ क़ैद, गाड़ी, स्टाफ, पद-हुए गौड़

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद मंत्री सरकार या अन्य सभी ओहदे दार हुए सामान्य नागरिक। सुरक्षा गार्ड छोड़कर सभी सुविधाएं वापस हो गई है। न कोई स्टेनो न गार्ड सब कुछ वापस हो गया। जो निजी तौर पर गार्ड मिले हुए हैं वहीं रहेंगे। लंबे समय तक अपने जलवे बिखेरने वाले नेताओं की दुकान पर चुनाव आयोग के कसावट का चाबुक चल गया है। किसी भी राजनीतिक पार्टी के निर्वाचित या आवंटित पद गौण हो गया है, कोई भी उद्घाटन समारोह जनता को प्रलोभन देने का खेल खत्म हुआ। अब उस जनता के पास जाना पड़ेगा जिससे बात करने का समय नहीं हुआ करता था।

## गुढ़ नगर के रानी तालाब में 28 लाख रू. से बनने वाल मुक्ति धाम का भूमि पूजन सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**



रीवा, गुढ़। विगत कई वर्षो से नगर में चल ऊहापोह को मद्देनजर रखते हुए गुढ़ नगर के लोगों को आखिर कार मुक्तिधाम की सौगात पूर्ण हो गई है। गुढ़ नगर के लोगो की परेशानी को देखते हुए गुढ नगर परिषद वार्ड पार्षद एवं सभापति निर्माण समिति के अध्यक्ष जगदीश गौटियां के मुख्य अतिथि मे 28 लाख रूपय की लागत से रानीतालाब स्थिति बनने वाले मुक्तिधाम का भूमि पूजन कर नीव रखी गई। इस आवसर पर ठेकेदार सन्तोष तिवारी, बार्ड 2 पार्षद श्रीमती गीता तिवारी, बार्ड 8 पार्षद सोनू प्रजापति, बार्ड 9 शंकर बंशल, 10 आनंन्द यादव, विमला रावत, मीना रावत, एवं नारेन्द सिंह राजू मुख्य अतिथि लोक निर्माण शाखा नगर परिषद गुढ़ जगदीश गौटिया, हरिहर शुक्ला, सलाम खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आचार संहिता का इफेक्ट तहसीलदार थाना प्रभारी ने सड़कों पर घूमकर गुड़ नगर क्षेत्र का लिया जायजा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा, गुड़। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है,जिसके तहत मध्यप्रदेश मुं एक चरण में होने वाले चुनाव में मतदान 17 नवंबर को व मतगणना के साथ चुनावी परिणामों की घोषणा तीन दिसंबर को होगी। इस चुनावी कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही एक तरफ जहां राजनीतिक दलों में हलचल बड़ा दी है।तो वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी इस आचार संहिता का पालन करवाने में जुट गए है।चुनाव आयोग की ओर से घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार सोमवार दोपहर 12 बजे से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई।जिसके बाद प्रशासन भी हरकत में आया है। आज सोमवार दोपहर के समय गुड़ तहसीलदार तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा थाना प्रभारी विकास कपीस नायब तहसीलदार तेज तेजपती सिंह पटवारी संदीप शुक्ला ने गुड़ नगर के सड़कों पर निकले। इस दौरान जहां-जहां भी दीवार, विद्युत पोल पर राजनीतिक पोस्टर बैनर,चुनाव चिन्ह अंकित झंडे लगे हुए थे।उन्हें तत्काल निकलवाया गया। तहसीलदार विनय मूर्ति शर्मा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है,इसके चलते हम इन आदर्श आचार संहिता को बनाए रखने के लिए नगर के भ्रमण में निकले हैं समय-समय पर अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी लोगों से अपील की जाएगी कि वह भी आदर्श आचार संहिता का पालन करें।इसका पालन न करने पर वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।



## सिरमौर विधानसभा से युवा भाजपा नेता रामसुशील मिश्र का शैक्षिक, परिवारिक, राजनैतिक और सामाजिक सफर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। रामसुशील मिश्र का जन्म सिरमौर विधानसभा के लटियार ग्राम में ब्राह्मण परिवार में हुआ है । आपके पिता श्री अम्बिका प्रसाद मिश्र माता श्रीमती ऊषा देवी मिश्र हैं, रामसुशील मिश्र अपने बाबा जी के लाडले थे सबसे बड़े बेटे के बड़े बेटे हैं, जब ज्योतिषियों ने नाम रखा तब युवराज रामसुशील मिश्र क्योंकि बड़ा बेटा है,और जमीदार घर से है पर ,पिता जी परिवार के रिश्तेदारों ने भैया के नाम से पुकारने लगे। बाबा स्व श्री रामधाम मिश्र जी जनसंघ से जुड़े हुए थे आपका विचार नाती रामसुशील मिश्र को स्वयं सेवक संघ बनाना चाहते थे ,जब भेजने लगे तो त्याग नही कर पाए बड़े होने के चलते पर बाबा जी ने कहा था ,यह एक संस्था और भाजपा जो देश हित् और समाज के लिए कुछ करती तुमको सहयोग करना इससे जुड़े रहना । उस विचार से 20 वर्षो से इस परंपरा को आज तक बचा रखे हैं,आपकी शिक्षा गुरुकुल चित्रकूट से लेकर दिल्ली तक का लंबा सफर रहा हैं 4 विश्वविद्यालयो से शिक्षा ग्रहण किया 1स्थान सदैव आपका आता रहा तीक्ष्ण बुद्धि के हैं । जिसमे बी,एच, यू से स्नातक शास्त्री की पड़ाई करते समय ही आप 2011 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में आप रहकर 1 बार मे अपने संकाय को छात्र संघ का अध्यक्ष बनाया । इसके बाद बी, एड आगरा से किया ,और वही से संघ की शाखा लगवाने का कार्य शुरू कर दिया आपने । फिर डी, यू से एम, ए किया । लालबहादुर संस्कृत विद्या पीठ से एम,फिल की शिक्षा ली,और उसी क्रम में आप दिल्ली विधानसभा का चुनाव भी लड़ डाले हिम्मत पुर्ण योग के साथ ।अपने कार्यालय ज्योतिष रत्नों का खोला और माँ बगलामुखी मंदिर की स्थापना की आज तक आप डाइरेक्टर के पद पर हैं । आपने दिल्ली में माँ यमुना की सफाई की पूर्ण योगदान दिया और यमुना आरती शुरू करवाई । और नाम तब फैला जब लाल किले जैसे स्थान पर 9 दिवसीय राष्ट महायज्ञ शुरू हुआ ।फिर आप पी,एच, डी की परीक्षा पास की उसमे प्रवेश करके शोध शुरू किया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से इसके बाद ।राममंदिर अयोध्या निर्माण हेतु दान दिया और सहयोग करवाया । फिर महामारी के संकट में जब कोई बाहर नही निकलता तब आपने लोगो की सेवा की अस्पताल ले जाना हो या ,भोजन की या राशन की लोगो ने बहोत आशीर्वाद दिया । आपको सम्पूर्ण 5 राज्य जहाँ आप आते जाते हैं जिसमे आचार्य रामसुशील मिश्र के नाम से जानने लगे, हिंदी, संस्कृत की बोलना लिखने की योग्यता के साथ,उर्दू,तेलगु,अंग्रेजी, संगीत,योग,कम्प्यूटर, फोटोग्राफी जैसे विषयों की योग्यता आप रखते है । आपने विदेश यात्राएं भी की । इसके बाद आप बाहर जाना कम पसन्द आने लगा ओ एक पंक्ति ने आपको सिरमौर विधानसभा अपने जन्मभूमि लटियार के लिए सदैव और हमेशा के लिए आपने संकल्प लिया अब मैं अपने गाँव मे रहूँगा कोई सरकारी सर्विस नही करूँगा योग बना मना कर दिया आपने । बस बाल्मीकि रामायण की एक पंक्ति ने जीवन बदल दिया न स्वर्णमयी लंका रोचते रामाहम ,जननी जन्म भूमिस्च स्वर्गादपि गरियशी, हमे सोने की लंका भी प्रिय नही अपने जन्म भूमि के अलवा यही राम जी ने लक्ष्मण को उत्तर जब लक्ष्मण जी ने कहा भैया यह लंका सोने की यही रह लेते तब । आज आप सम्पूर्ण जीवन सादगी पूर्ण जीते है सबकुछ परमात्मा की कृपा से है घमंड नही सरल स्वभाव बड़े छोटे का सम्मान करना यही हमारी संस्कृति हैं नही तो कम्प्यूटर सबसे ज्ञानी होता। फिर आप पूर्ण रुप से समाज सेवा में लग गए । आप भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता 2011 में ले ली थी ,काल करके तबसे पार्टी के विचारधारा से कार्यक्रर रहे हैं ,सम्पूर्ण विधानसभा को आपने 3 वर्षो में घूमकर यह देख लिया कि लोग अपना जीवन कैसे जी रहे है इनकी मदद मैं क्या कर सकता हूँ । आपने सरकारी अस्पताल चिकित्सा हेतु सहयोग किया लोगो का ,राशनकार्ड, आधारकार्ड, वोटर कार्ड बनवाने में सहयोग किया ,छोटे व्यापारियों को मुद्रा लोन या अन्य लोन दिलवाने में सहयोग किया । किसानों को कृषि ऋणी लेन में सहयोग किया ।भाजपा में अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को जोड़ने में सहयोग किया । मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज जी की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया । कन्या विवाह कार्यक्रम मे क्षेत्र पर आर्थिक दुर्बल अनाथ कन्याओं के विवाह में सहयोग देना और सतत प्रयास रत हैं ।



# एशियन गेम्स 2023: पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में 100 मेडल होने पर दी बधाई,10 अक्टूबर को करेंगे भारतीय दल का स्वागत

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियाई खेलों में भारत के सौ पदक पूरे होने पर पीएम मोदी ने भारतीय दल को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने शनिवार को कहा है कि वह भारतीय दल का 10 अक्टूबर को स्वागत करेंगे।

दरअसल, पीएम मोदी नें पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'हर अद्भुत प्रदर्शन ने इतिहास रचा और हमारा हृदय गर्व से भर दिया। मैं 10 अक्टूबर को एशियाई खेलों के दल का स्वागत करूंगा और खिलाड़ियों से बात करूंगा। मैं अपने शानदार खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जिनके प्रयासों से भारत ने ये ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारत के लिए लोग रोमांचित हैं कि हमने 100 मेडलों की उपलब्धि हासिल की है।






बता दें कि, भारतीय दल ने एशियन गेम्स 2023 के 14वें दिन मेडल का शतक पूरा कर लिया है। आज यानी 7 अक्टूबर को सुबह-सुबह तीरंदाजी में अदिति गोपीचंद ने वूमेंस कंपाउंड इवेंट में कांस्या पदक जीता। वहीं, ज्योति सुरेखा ने गोल्ड पर कब्जा जमाया। इसके तुरंत बाद मेंस कंपाउंड इवेंट के फाइनल में ओजस और अभिषेक ने क्रमशः गोल्ड और सिल्वर मेडल अपने नाम किया है।

साथ ही दूसरी ओर आज ही भारत की वूमेंस कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को हराते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इस गोल्ड मेडल के साथ ही भारत ने एशियाई गेम्स में अपनी 100 मेडल पूरे कर लिए। बता दें, भारत ने अबतक 25 गोल्ड, 35 सिल्वर और 40 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम लिया है। इसके अलावा, भारतीय क्रिकेट प्रेमी आज अफगानिस्तान के खिलाफ पुरुष क्रिकेट फाइनल जीतने का इंतजार कर रहे हैं।

## रविंद्र जडेजा की फिरकी में फंसे कंगारू, 2 ओवर में झटके 3 विकेट

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 का पांचवां मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जा रहा है। वहीं इस मैच में टॉस गंवाकर भारत ने पहले गेंदबाजी की। इस दौरान भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसी कड़ी में भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर में 3 विकेट झटकने का कारनामा किया है। भारतीय गेंदबाजों ने कंगारू टीम को 50 ओवर में 199 रन पर ही समेट दिया। बता दें कि, जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कमर तोड़ी। उन्होंने इस दौरान स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और एलेक्स कैरी को बैक टू बैक आउट कर कंगारू टीम को बैकफुट पर ला दिया। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ओपनर डेविड वॉर्नर के आउट होने के बाद स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन पिच पर डट गए थे। वह संघर्ष कर रहे थे लेकिन विकेट नहीं गंवा रहे थे। हालांकि, जड्डू की जादुई गेंदों के आगे कंगारू बल्लेबाजों की एक भी नहीं चली। सबसे पहले जडेजा ने 28वें ओवर की पहली गेंद पर स्टीव स्मिथ को चलता किया। उन्होंने स्मिथ को इतना शानदार बोल्ड किया कि हर कोई दंग रह गया। इस दौरान स्मिथ खुद भी हैरान रह गए उन्हें विश्वास नहीं हुआ कि वो आउट हो गए हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने गत चैम्पियन जापान को हराकर कांस्य जीता

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने सेमीफाइनल हारने के दो दिन बाद ही जबर्दस्त जुझारूपन के साथ वापसी करते हुए जापान को 2 . 1 से हराकर एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीत लिया। हूटर के साथ ही मैदान पर अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सकीं कोच यानेके शॉपमैन और उल्लास में उछलती खिलाड़ियों को देखकर जाहिर हो गया कि इस कांसे के टीम के लिये क्या मायने हैं।



सेमीफाइनल में चीन से 0 . 4 से हारने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने की भारत की उम्मीदें ध्वस्त हो गई थी। इसके बावजूद टीम ने जापान की चुनौती का डटकर सामना करते हुए कांस्य पदक का मुकाबला जीता। भारतीय टीम ने इस तरह से पिछले एशियाई खेलों के फाइनल में जापान से मिली 0-1 की हार का बदला भी पूरा किया।

तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के लिए दीपिका ने पांचवें और सुशीला चानू ने 50वें मिनट में गोल दागे जबकि जापान के लिये यूरी नागाई ने मैच के 30वें मिनट में एकमात्र गोल किया। भारतीय टीम ने मैच की शुरुआत बेखौफ खेल के साथ की जिसका फायदा उसे पांचवें मिनट में मिला। दीपिका ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी। भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रमण जारी रखा लेकिन कई पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। टीम हालांकि इसे गोल में बदलने में संघर्ष कर रही थी।

जापान ने भी जवाबी हमले किसे लेकिन सविता पूनिया की टीम का रक्षण शानदार था। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गेंद को अपने कब्जे में अधिक समय तक रखने की कोशिश की और इस दौरान दोनें टीमें एक दूसरे के सर्किल में पहुंचने में सफल रही। मध्यांतर से ठीक पहले कप्तान नागाई ने पेनल्टी कार्नर का गोल में बदल कर स्कोर 1-1 कर दिया। मध्यांतर के बाद छोर बदला लेकिन दोनों टीमों के खेल में ज्यादा बदलाव नहीं दिखा। मिडफील्ड में खिलाड़ियों के बीच शह-मात का खेल चलता रहा। दोनों टीमों ने कुछ मौके बनाये लेकिन उसे भुनाने में नाकाम रहे। आखिरी क्वार्टर में भारतीय टीम ने पूरा दमखम लगाया। टीम को इसका फायदा पेनल्टी कॉर्नर के साथ मिला। इस दौरान उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का की फ्लिक पर जापान की गोलकीपर एलिका नाकामुरा ने शानदार बचाव किया। इसके बाद रिबाउंड पर वैष्णवी विट्ठल फालके गोल करने से चूक गयी। भारतीय अग्रिम पंक्ति ने जापान पर दबाव बनाना जारी रखा। टीम को 50वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। सुशीला ने दीप से पास मिलने पर जापान की गोलकीपर को छकाते हुए गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। भारतीयों ने इसके बाद कुछ और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन टीम उसे गोल में नहीं बदल सकी।

## एशियन गेम्स 2023 में सात्विक-चिराग ने गोल्ड जीतकर इतिहास रचा, फाइनल में साउथ कोरियाई जोड़ी को रौंदा

हांगझोउ में खेले जा रहे 19वें एशियन गेम्स में भारत का धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने शनिवार को न सिर्फ मेडल टेली में पहली बार 100 के पार पहुंचने को रिकॉर्ड बनाया बल्कि एशियाई खेलों में पहली बार बैडमिंटन का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बैडमिंटन के



पुरुष युगल फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने साउथ कोरियाई जोड़ी को 21-18, 21-16 से हराकर एशियाई खेलों में भारत को पहला बैडमिंटन गोल्ड मेडल दिलाया। बता दें कि, बैडमिंटन में पहली बार एशियाई खेलों में भारत ने गोल्ड मेड जीता है। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में महिला एकल स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता था। दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 56 मिनट के खेल में 21-18, 21-16 से हराया। इस बीच सात्विक और चिराग ने कुछ अच्छे ड्रॉप शॉट, स्मैश और बैकहैंड शॉट लगाते हुए पहला गेम 29 मिनट का समय लेकर 21-18 से अपने नाम किया।वहीं दूसरा गेम भी बेहद रोमांचक रहा और दोनों ही टीमों ने लगातार बेहतरीन प्रयास किया। लेकिन भारतीय जोड़ी ने विरोधी जोड़ी को एक भी मौका नहीं दिया। ब्रेक तक भारतीय जोड़ी ने 11-8 की बढ़त बनाए रखी। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद लगातार कई शानदार शॉट लगाते हुए विरोधी टीम को गलती करने के लिए मजबूर किया। आखिर में एशियाई खेल 2023 भारत बैडमिंटन में तीन पदक के साथ अभियान खत्म किया जिसमें एक गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

# भारत ने एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 स्वर्ण सहित 107 पदक जीते

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले एक पखवाड़े में अपनी कड़ी मेहनत से एशियाई खेलों में 107 पदकों के जादुई आंकड़े को छूकर देश को समय से पहले दिवाली का तोहफा देने के साथ 2024 के पेरिस ओलंपिक में अब तक की सबसे अच्छे प्रदर्शन का भरोसा दिया। भारतीय खिलाड़ियों की स्पर्धाएं शनिवार को समाप्त हो गयी। रविवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन निर्धारित कुछ स्पर्धाओं में देश का कोई भी एथलीट मैदान में नहीं है। भारतीय खिलाड़ियों ने हांगझोउ में 107 पदक के साथ नया रिकॉर्ड कायम किया। खिलाडियों के जहन में यह आंकड़ा कम से कम 2026 में जापान के आइची-नागोया में होने वाले अगले खेलों तक जरूर रहेगा।

भारतीय खिलाड़ियों ने 2018 में इंडोनेशिया में 70 पदक जीते थे लेकिन हांगझोउ में उन्होंने बड़ा सुधार करते हुए 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अपने अभियान के आखिरी दिन 12 पदक जीते जिसमें छह स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक है। कुश्ती



में बजरंग पूनिया ने निराश किया तो वहीं बैडमिंटन के पुरुष युगल में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रशंसकों को खुश किया। कबड्डी में पुरुष और महिला टीमों ने जकार्ता में निराशा झेलने के बाद वापसी करते हुए स्वर्ण पदक जीते। युवा तीरंदाज ओजस देवताले और अभिषेक वर्मा ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण-रजत पदक हासिल किया। तीरंदाज ज्योति वेन्नम ने भी देश की प्रतियोगिता के अंतिम दिन अपना स्वर्णिम क्षण बिताया।

व्यक्तिगत महिला कंपाउंड स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर उन्होंने इस खेल की महाशक्ति दक्षिण कोरिया को दिखाया कि भारत अब उनकी बराबरी कर रहा है। पुरुष और महिला शतरंज टीमों ने दिन के अंत में देश को दो रजत पदक दिलाये जिससे भारत चीन, जापान और दक्षिण कोरिया के बाद चौथे स्थान पर है। भारत के चौथे स्थान पर बदलाव की संभावना नहीं है क्योंकि पांचवें स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के पास भारत के 28 की तुलना में 22 स्वर्ण हैं। निशानेबाजों (22) और ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों (29 पदक) से भी भारत की झोली में 51 पदक आ गये। इससे भारत ने बुधवार को ही इन खेलों के अपने पिछले सबसे अच्छे प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया था।

भारतीय दल ने कई अप्रत्याशित पदक भी जीते जिसमें महिला टेबल टेनिस टीम का कांस्य (सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी) शामिल है।पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में आखिरी 30 मीटर में कमाल करके स्वर्ण जीत लिया। भाला फेंक में ओलंपिक और विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर जेना ने रजत पदक जीता। केनोइंग में अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने ऐतिहासिक कांस्य जीता जबकि 35 किमी पैदल चाल में रामबाबू और मंजू रानी को भी कांसा मिला।

# डक आउट होने पर फैंस के रडार पर आए रोहित शर्मा, वायरल हो रहे मजेदार मीम्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ क्रिकेट वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 199 रन बनाए। जिसके जवाब में उतरी टीम इंडिया की शुरुआत गड़बड़ा गई। दरअसल, पहले ही ओवर में ईशान किशन गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर आउट हो गए। उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा भी अंदर आती गेंद को भांप नहीं पाए और हो गए। कप्तान के आउट होते ही स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। उसके बाद श्रेयस अय्यर ने भी फैंस की उम्मीद तोड़ी और वो भी अपना बिना खाता खोले आउट हो गए। जिसके बाद सोशल मीडिया पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा फैंस के रडार पर आ गए हैं और वो लगातार ट्रोल हो रहे हैं।



बता दें कि, रोहित शर्मा डक आउट होने पर फैंस की रडार पर आ गए हैं। सोशल मीडिया पर उनके आउट होने के बाद लगातार मीम्स वायरल हो रहे हैं। वहीं इस दौरान उनका एक पुराना बयान भी वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहते हैं कि अगर भारत के 10 रन पर तीन विकेट गिर जाते मध्यक्रम इसके लिए तैयार रहे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत इससे भी खराब स्थिति में फंस गई थी। जिसे विराट कोहली और केएल राहुल ने उबारा है। इसलिए सही मायने में टीम को कोहली और राहुल की जोड़ी ने टीम को मुसीबत से निकाला है। फिलहाल, मिचेल स्टार्क ने अपने पहले ही ओवर में ईशान किशन को पवेलियन का रास्त दिखाया। दूसरे ओवर में जोश हेडलवुड ने तीसरी गेंद पर रोहित शर्मा को डक आउट किया और फिर उसी ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यस चौका लगाने के प्रयास में डेविड वॉर्नर को अपना कैच थमा बैठे। सिर्फ दो रन पर भारत ने तीन विकेट गंवाए।

# भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने जीता गोल्ड मुकाबले के दौरान हुआ जमकर बवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने भी एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड मेडल जीत लिया है। हालांकि, गोल्ड मेडल का ये मुकाबला काफी विवाद भरा रहा। इस मुकाबले में भारत ने ईरान को 33-29 से हराया। इससे पहले भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को मात देकर गोल्ड पर कब्जा किया था। इसके साथ ही ये भारत का 103वां मेडल है। शनिवार को अब तक भारतीय खिलाड़ी 8 मेडल जीतने में कामयाब रहे हैं। इसमें 6 गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज है। 2 गोल्ड कबड्डी में आए हैं जबकि 4 अन्य मेडल आर्चरी के खिलाड़ियों ने अपने नाम किए हैं। बैडमिंटन और क्रिकेट टीम ने भी एक-एक गोल्ड अपने नाम किया है।

बता दें कि, फाइनल में भारतीय टीम अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी, ईरान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद स्कोर 5-5 से बराबर हो गया। वहीं ईरान ने लगातार अंक बनाए और 9-6 की बढ़त बना ली। इसके बाद भारत ने बेहतरीन वापसी करते हुए हाफ टाइम तक भारतीय टीम 17-13 से आगे थी। जबकि ईरान की पूरी टीम ऑलआउट हो गई।

दूसरे हाफ में भारत की अच्छी शुरुआत हुई और स्कोर 20-16 हो गया। इसके बाद स्कोर 24-19 हो गया। बाद में ईरान की तरफ से पलटवार किया गया और भारत को ऑलआउट करके स्कोर 25-25 से बराबर कर लिया। लेकिन इसके बाद भी भारत 28-25 से आगे हुआ। वहीं जब स्कोर 28-28 से बराबर हुआ तो इसके बाद प्वॉइंट को लेकर विवाद के कारण खेल लगभग 30 मिनट तक रुका रहा।

बता दें कि, मैच खत्म होने में 2 मिनट से भी कम का समय बचा था। पहले भारत को 3 तो ईरान को एक अंक दिए गए। जिस पर ईरान ने विरोध किया तो निर्णय दिया गया। दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिले। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी कोर्ट पर ही बैठ गए और खेल को रोक दिया गया। इसके बाद फिर निर्णय भारत के पक्ष में आ गया। उसे 3 अंक दिए गए। ईरान ने फिर इसका विरोध किया लेकिन विवाद के बाद खेल शुरु हुआ और भारत ने शानदार जीत दर्ज की।

## श्रीलंका क्रिकेट टीम पर 10 फीसदी जुर्माना लगा, यहां जानें वजह

नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप के चौथे मुकाबले में साउथ अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गित बनाए रखने के लिए श्रीलंका टीम पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगा है। दरअसल, इस मुकाबले में अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 428 रनों का बड़ा लक्ष्य बनाया था। जिसके जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम महज 326 रन ही बना पाई। वहीं श्रीलंकाई टीम पर मैच फीस का जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के सदस्य जवागल श्रीनाथ ने लगाया था। इस दौरान समय भत्ते पर विचार किया गया तो ये निर्धारित किया गया कि दासुन शनाका की टीम आवश्यक दर से 2 ओवर कम रही। बता दें कि, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है। खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

# भारतीय कबड्डी खिलाड़ियों रेफरी के फैसले के खिलाफ मैट पर बैठ कर विरोध जताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और ईरान के बीच शनिवार को एशियाई खेलों के पुरुष कबड्डी फाइनल मुकाबले के दौरान उस वक्त विवाद पैदा हो गया, जब रेफरी के फैसले के विरोध में खिलाड़ी मैट पर बैठ गए। कबड्डी मैट पर इस तरह का नजारा शायद ही पहले कभी देखा गया था। इस विवाद के कारण चिर-परिचित टीमों के बीच का मुकाबला लगभग एक घंटे तक रुका रहा। ईरान ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में भारत को हराया था। पवन सहरावत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि शनिवार को फाइनल मैच जीतकर उस हार का बदला चुकता कर लिया। फाइनल मुकाबले में जब एक मिनट और पांच सेकंड का खेल बचा था तब दोनों टीमों का स्कोर 28-28 से बराबर था। लेकिन आखिरी मिनट में विवाद तब खड़ा हो गया जब भारतीय कप्तान पवन सहरावत करो या मरो वाली रेड के लिए उतरे।

सहरावत किसी खिलाड़ी को छुए बिना लॉबी में (सीमा से बाहर) चले गए। इस दौरान ईरान के अमीरहोसैन बस्तामी और तीन अन्य रक्षक उन्हें बाहर धकेलने की कोशिश की जिसके बाद अंक को लेकर विवाद हो गया। यह स्पष्ट नहीं था कि सहरावत से सफलतापूर्वक निपटा गया था या नहीं



और यह भी भ्रम था कि कौन सा नियम लागू किया जाए - पुराना या नया। नये नियम के अनुसार, सहरावत बाहर थे लेकिन पुराने नियम के अनुसार सहरावत और उनके पीछे आने वाले ईरान के सभी खिलाड़ियों को भी खेल से बाहर माना गया। इस नियम से भारत को चार अंक और ईरान को एक अंक मिला। भारत और ईरान के पक्ष में फैसला सुनाने के बीच अधिकारियों की खींचतान के बीच अभूतपूर्व परिदृश्य में जब फैसला उनके खिलाफ गया तो दोनों टीम के खिलाड़ी विरोध में कोर्ट पर बैठ गए।

दोनों पक्षों द्वारा काफी विचार-विमर्श, चर्चा और बहस के बाद मैच को निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने बाद में भारत के पक्ष में फैसला सुनाया और स्कोरलाइन 32-29 हो गई। भारतीय महिला टीम जब पवन (सहरावत) ने रेड किया, तो वह लॉबी क्षेत्र में कदम रखने के बाद खुद ही बाहर निकल गया। उसका पीछा करते हुए ईरान के चार खिलाड़ी भी लॉबी एरिया में घुस गए।'' लॉबी नियम के अनुसार अगर कोई रेडर सीमा से बाहर चला जाता है और डिफेंडर भी लॉबी क्षेत्र में उसका पीछा करता है, तो उसे (डिफेंडर को) भी बाहर कर दिया जाता है। कविता ने कहा,'' अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) के नियमों के तहत, भारतीय टीम को चार अंक और ईरान को एक अंक मिलना था, लेकिन रेफरी ने केवल एक-एक अंक दिया।'' इसके बाद भारत ने वीडियो समीक्षा की मांग की और कई मिनटों के बाद उन्हें जीत मिली।

लेकिन ईरान के खिलाड़ियों ने इसका विरोध किया और रेफरी ने फिर से फैसला पलट दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी करीब एक घंटे तक खेल रोककर मैट पर बैठे रहे। उन्होंने कहा, ''आखिरकार, मैच में एक मिनट शेष रहते हमें चार अंक मिले और ईरान को एक। उस समय स्कोर 28-28 था।'' भारत ने बाकी बचे समय में एक और अंक बनाने के साथ 33-29 से मैच अपने नाम किया। इस लॉबी नियम को पिछले साल प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में हटा दिया गया था और लॉबी में रेडर का पीछा करने वाले डिफेंडर को अब बाहर नहीं किया जाता है। लेकिन आइकेएफ नियम पुस्तिका लॉबी नियम अभी भी में बना हुआ है।

# फाइनल में हारे दीपक पूनिया, भारत ने कुश्ती में जीते छह पदक

नई दिल्ली (एजेंसी)। दीपक पूनिया की 86 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में ईरान के अपने आदर्श खिलाड़ी हसन यजदानी के सामने एक नहीं चली जिससे भारतीय पहलवानों ने एशियाई खेलों की कुश्ती प्रतियोगिताओं में शनिवार को यहां छह पदकों के साथ अपने अभियान का अंत किया। यह दूसरा अवसर था जबकि दीपक का सामना अपने बचपन के आदर्श खिलाड़ी तथा दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और आठ बार के विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता यजदानी से था।

दीपक ने एशियाई खेलों में अपने पदार्पण पर ही फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन ईरान के पहलवान के सामने वह कुछ खास नहीं कर पाए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 'केतली पहलवान' के नाम से भी मशहूर 24 वर्षीय दीपक ईरान के पहलवान के खिलाफ एक भी अंक नहीं बना पाए। यजदानी



ने पहले पीरियड में ही आठ अंक बना दिए थे और उन्होंने दूसरे पीरियड के शुरू में ही भारतीय खिलाड़ी पर तकनीकी दक्षता के आधार पर जीत दर्ज की।

इस बीच यश तुनीर (74 किग्रा), विक्की (97 किग्रा) और सुमित मलिक (125 किग्रा) पदक दौर तक पहुंचे बिना खेलों से बाहर हो गए। भारत ने इस तरह से कुश्ती में कुल छह पदक जीते लेकिन इनमें एक भी स्वर्ण पदक शामिल नहीं है। भारत को बजरंग पूनिया से सबसे बड़ी निराशा मिली,जो पदक नहीं जीत पाए। दीपक के अलावा भारत की तरफ से सुनील कुमार (87 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), सोनम मलिक (62 किग्रा), अमन सहरावत (57 किग्रा) और किरण बिश्नोई (76 किग्रा) ने पदक जीते।

भारत ने 2018 में तीन पदक जीते थे जिनमें बजरंग और विनेश फोगाट के स्वर्ण पदक शामिल हैं। पुरुषों के 86 किग्रा भार वर्ग में दीपक ने क्वालीफिकेशन दौर में बहरीन के मागोमेड शारिपोव को 3 . 2 से हराया। इसके बाद इंडोनेशिया के रेंडा रियांडेस्टा को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया और जापान के शिराइ शोता को क्वार्टर फाइनल में 7 . 3 से मात दी। सेमीफाइनल में उन्होंने उजबेकिस्तान के जवरेल शापियेव को 4 . 3 से हराया। यश को ताजिकिस्तान के मागोमेत इवलोएव ने तकनीकी श्रेष्ठता पर हराया।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया मुकाबले से पहले मैदान में घुसा जार्वो, सुरक्षा पर उठे सवाल

नई दिल्ली। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मैचों के दौरान क्रिकेट मैदान पर घुसपैठ के लिए जाने जाने वाले डेनियल जार्विस उर्फ जार्वो रविवार को यहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच शुरू होने से पहले चेपॉक मैदान में एक बार फिर से घुसपैठ करने में सफल रहा। जार्वो भारतीय टीम की जर्सी पहनकर मैदान में घुसने में सफल रहा लेकिन खिलाड़ियों तक पहुंचने से पहले ही यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जार्वो को टूर्नामेंट में आगे के मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। इस मामले में हालांकि बड़ा सवाल यह है कि वह विशेष लोगों के लिए आरक्षित जगह पर कैसे पहुंचा। उसने कई सुरक्षा घेरा तोड़कर 'खेल के मैदान (एफओपी)' में कैसे प्रवेश किया।

आईसीसी के प्रवक्ता ने पीटीआई से कहा, ''संबंधित व्यक्ति को इस



आयोजन में किसी भी अन्य मैच में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह मामला अब भारतीय अधिकारियों के हाथ में है।'' यह चौथी बार है ब्रिटेन के इस व्यक्ति ने भारतीय टीम के मैच में घुसपैठ की है। वह इससे पहले भारत के इंग्लैंड दौरे पर तीन टेस्ट मैचों के दौरान मैदान में घुसपैठ करने में सफल रहा था।

रविवार की घटना के बाद आईसीसी के साथ-साथ बीसीसीआई को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी होगी क्योंकि जब भारतीय टीम मार्च पास्ट के लिए लाइन में खड़ी थी तो भारत की जर्सी पहने जार्वो बड़े आराम से आयोजन स्थल में दाखिल हुआ और टीम के सबसे बड़े स्टार विराट कोहली के करीब जाने की कोशिश करने लगा।

आईसीसी प्रवक्ता ने कहा, '' आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में शामिल सभी लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम यह समझने के लिए आयोजन स्थल के साथ काम करेंगे कि यह कैसे हुआ। हम देखेंगे कि क्या ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय की जरूरत है।

## भीम आर्मी चीफ रावण के कार्यक्रम को अनुमति नहीं : डीएम

**ग्वालियर।** भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण को ग्वालियर जिला प्रशासन ने 12 अक्टूबर को कार्यक्रम के लिये अनुमति नहीं दी हैं। यदि वह कोई कार्यक्रम धारा 144 लगी होने के बाद भी करते हैं, तो जिला प्रशासन कानूनी कार्रवाई करेगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने मेला मैदान में भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण के कार्यक्रम की किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी हैं।

# हेपेटाइटिस है अशांत करने वाला शांत संक्रमण

भारत में हेपेटाइटिस-बी के रोगियों की संख्या हर साल बढ़ रही है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा कराए गए एक सर्वे के मुताबिक साल 2012 में भारत में हेपेटाइटिस वायरल के करीब 1,19,000 मा[illegible]ये गये। इन मामलों की तेजी से बढ़ती संख्या का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज एक साल के भीतर मामलों की संख्या बढ़ कर 2,90,000 तक पहुंच गयी। अनुमान है कि मौजूदा समय में यह आंकड़ा बढ़ कर 5 लाख से ऊपर पहुंच गया है। यही नहीं, हेपेटाइटिस को एड से ज्यादा घातक बीमारी माना जाता है, क्योंकि एड से मरने वालों की तुलना में हेपेटाइटिस से मरने वालों की संख्या 10 गुना अधिक बताई जाती है। हमारे देश में इस बीमारी के फैलने के सबसे महत्वपूर्ण कारण हेपेटाइटिस-ई वायरस (एचईवी) और हेपेटाइटिस-ए वायरस (एचएवी) है, जो सामान्य तौर पर बच्चों में पाया जाता है, जबकि महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान हेपेटाइटिस का प्रमुख कारण एचईवी है। विशेषज्ञों के अनुसार जब कोई हेपेटाइटिस संक्रमित व्यक्ति अपनी पुरानी (क्रॉनिक) हेपेटाइटिस अवस्था से अनजान होता है तो वह दूसरों को लंबे समय तक प्रसारण के जरिये संक्रमित कर सकता है, जिसकी वजह से लिवर की गंभीर बीमारी के साथ-साथ लिवर फेल या कैंसर तक हो सकता है। बीते साल को इस वायरस के उन्मूलन के लिए काफी विशेष माना गया है। डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने वर्ष 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के तौर पर हेपेटाइटिस को समाप्त करने के लक्ष्य के साथ पहली उन्मूलन रणनीति अपनाने का संकल्प लिया है। इसमें पहली बार कई देशों की सरकारें भी शामिल हुई हैं।

**क्या है हेपेटाइटिस :** हेपेटाइटिस कई प्रकार का होता है या कहिये यह हेपेटाइटिस संक्रामक बीमारियों का एक समूह है, जिसे हम अमूमन हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई के रूप में जानते हैं। भारत में इसके सभी रूप देखने को मिलते हैं। हेपेटाइटिस दो प्रकार का होता है, एक्यूट (तीक्ष्ण) और क्रॉनिक (जीर्ण)। मोटे तौर पर हेपेटाइटिस एक प्रकार की लिवर की सूजन है, जिसे लिवर के ऊतकों (टिशूज) में सूजन वाली कोशिकाओं (सेल्स) की मौजूदगी से पहचाना जाता है। एक्यूट हेपेटाइटिस छह महीनों तक रहता है, जबकि क्रॉनिक लंबे समय तक।



**कैसे फैलता है :** विशेषज्ञों के अनुसार हेपेटाइटिस-डी, एक डेल्टा वायरस है, जो बी के साथ मिलता है तथा ए और ई का संक्रमण दूषित खान-पान और प्रदूषित पानी पीने से होता है। इसके अलावा अपने आसपास ठीक ढंग से साफ-सफाई और ठीक से हाथ न धोने की वजह से इस रोग का जोखिम और बढ़ जाता है। बी और सी का संक्रमण कई वजहों से रक्त के जरिये होता है, जैसे इंजेक्शन द्वारा नशीले पदार्थों का सेवन, सुई से लगी चोट, हेपेटाइटिस संक्रमित किसी व्यक्ति के रक्त के संपर्क में आना है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गयी किसी चीज जैसे उसका टूथब्रश इस्तेमाल कर लेना, टैटू बनवाना, संक्रमित व्यक्ति का रेजर इस्तेमाल कर लेना, उसकी कोई निजी वस्तु शेयर करना, जिससे उसकी शारीरिक क्रियाएं जुड़ी हों या असुरक्षित यौन संबंध से भी इस रोग का खतरा बढ़ जाता है।

**बरसात के मौसम में बढ़ता है असर :** बारिश के मौसम में हेपेटाइटिस का खतरा काफी बढ़ जाता है, क्योंकि यह वायरस से फैलने वाला रोग है। हेपेटाइटिस-ए (एचएवी) एक प्रकार का वायरल संक्रमण है, जो बरसात के कारण संक्रमित भोजन से होता है। बारिश के मौसम में वैसे भी कहा जाता है कि पानी जरा देखभाल कर पिएं। इससे हमारा लिवर प्रभावित होता है। बरसात का ही मौसम हेपेटाइटिस-ई के खतरे को और बढ़ा देता है। वैसे तो हेपेटाइटिस ई साल में कभी भी हो सकता है, लेकिन बरसात के दौरान और बरसात के बाद इसका प्रकोप अधिक रहता है।

**क्या होते हैं लक्षण :** अपने समूह में हेपेटाइटिस-बी (एचबीवी) सबसे खतरनाक है, क्योंकि यह एक शांत संक्रमण है। यह संक्रमित मां से गर्भ में पल रहे उसके शिशु को हो सकता है। अधिकतर लोग इसके संक्रमण से अनजान रहते हैं। इसी अनजाने में दूसरे लोग भी उनसे संक्रमित हो जाते हैं। भूख न लगना, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, पेट दर्द और हल्का बुखार, तीव्र संक्रमण के लक्षण हैं। हालांकि कई मामलों में इन लक्षणों से भी इस संक्रमण की ठीक से पहचान नहीं हो पाती। इसके अलावा जी मिचलाना, उल्टी, फूला हुआ पेट या आंखों एवं त्वचा का पीला पड़ना, कुछ ऐसे गंभीर लक्षण हैं, जिनके बाद तुरंत डॉक्टर के पास जाना जरूरी हो जाता है। हेपेटाइटिस ए और ई के लक्षण 2 से 4 हफ्तों में दिखाई देने लगते हैं।

**क्या है उपचार :** उपचार की प्रक्रिया तब शुरू की जाती है, जब यह पता चल जाए कि कौन सा हेपेटाइटिस है। विशेषज्ञ ये भी देखते हैं कि संक्रमण एक्यूट है या क्रॉनिक। ए और बी के ज्यादातर मामलों में लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। हेपेटाइटिस-ए के उपचार के लिए स्वस्थ पौष्टिक आहार और शुद्ध पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा एचएवी टीके की सलाह भी दी जाती है। हेपेटाइटिस-बी की रोकथाम के लिए महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान परीक्षण कराने की सलाह दी जाती है तथा एचबीवी टीके की सलाह भी दी जाती है। सी, डी और ई के लिए हाईजीन पर ज्यादा जोर दिया जाता है। सी और ई के लिए कोई टीका उपलब्ध नहीं है, जबकि डी के लिए विभिन्न मामलों में एचडीवी टीके की सलाह दी जाती है। कुछ अन्य मामलों में बुखार और पेट दर्द के लिए अलग से दवा दी जाती है, जबकि क्रॉनिक मामलों (बी और सी) से ग्रस्त मरीजों का इलाज एंटी वायरल दवाओं से किया जाता है। इससे लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर होने का खतरा कम हो जाता है। बी या सी के कारण लिवर की गंभीर बीमारियों में लिवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र विकल्प रह जाता है। रोकथाम के उपायों के मद्देनजर ए और बी के टीके पहले से ही लगवाने की सलाह भी दी जाती है। खून की एक साधारण सी जांच से ये पता चल जाता है कि आप संक्रमित हैं या नहीं। अधिकतर मामलों में ये भी देखा गया है कि वयस्क लोग बिना किसी दवा के केवल कुछ सावधनियां बरतने से जल्द ही ठीक हो जाते हैं।

**खान-पान और साफ-सफाई :** आपको संक्रमण नहीं है, बावजूद इसके अपने आसपास साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। खान-पान के दौरान बहुत गर्म और तेज मसालेदार भोजन से परहेज करें। जहां तक हो सके, शाकाहारी भोजन करें। फल खाएं। आम, अंगूर और बादाम खाने से फायदा होगा। अधिक मात्रा में डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, सरसों का तेल, मैदा, पेस्ट्री, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक्स, हींग, मटर जैसी चीजों के सेवन से बचें। चावल, गेहूं का आटा, आंवला, टमाटर, सूखे खजूर, इलायची, नींबू, केला आदि का सेवन करें। धूप में ज्यादा न निकलें, जरूरत से ज्यादा तनाव न लें और अत्याधिक कसरत से भी बचें। शराब और तंबाकू का सेवन न करें।

**शिशु का ख्याल :** हेपेटाइटिस बी और सी आमतौर पर संक्रमित रक्त, शारीरिक संबंध बनाने और संक्रमित मां से बच्चे को हो सकता है। लेकिन अगर इस स्टेज पर शिशु को 24 घंटे के भीतर हेपेटाइटिस और हेपेटाइटिस बी इम्यूनोग्लोबुलिन टीकाकरण कर दिया जाए तो इस बीमारी को रोका जा सकता है। हेपेटाइटिस सी और हेपेटाइटिस बी दोनों ही मामलों में रक्त चढ़ाने या इंजेक्शन के दौरान खास ध्यान रखकर इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

## गर्मी के मौसम में ककड़ी का सेवन बचाएगा इन परेशानियों से

गर्मी के मौसम में शरीर की पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है और सिर्फ पानी की मदद से उस जरूरत को पूरा कर पाना संभव नहीं है। इसलिए डाइट में अधिक पानीयुक्त चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है। अगर आप ककड़ी को डाइट में शामिल करते हैं तो शरीर में पानी की कमी नहीं होती। गर्मी के मौसम में व्यक्ति को कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कभी डिहाइड्रेशन तो कभी पेट संबंधी समस्याएं। इन सभी समस्याओं को मात देने का आसान उपाय है कि आप मौसमी फल व सब्जियों का सेवन करें। ऐसी ही एक सब्जी है ककड़ी, जिसे अक्सर लोग सलाद के रूप में खाते हैं। वैसे मामूली सी दिखने वाली इस ककड़ी में कई तरह के पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, फास्फोरस, सोडियम, मैगनीशियम



और विटामिन्स आदि पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर आप इसे अपनी डेली डाइट में जगह देते हैं तो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से आसानी से बच सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में- **पानी की कमीः** गर्मी के मौसम में शरीर की पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है और सिर्फ पानी की मदद से उस जरूरत को पूरा कर पाना संभव नहीं है। इसलिए डाइट में अधिक पानीयुक्त चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है। अगर आप ककड़ी को डाइट में शामिल करते हैं तो शरीर में पानी की कमी नहीं होती। दरअसल, ककड़ी में 90 प्रतिशत पानी होता है, जो बॉडी को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। **बेहतर पाचन तंत्रः** तपिश भरे मौसम में पाचनतंत्र काफी कमजोर हो जाता है। इस मौसम में अक्सर लोगों को कब्ज, डायरिया, एसिडिटी या सीने में जलन का अहसास होता है। ऐसे में अगर आप ककड़ी का सेवन करते हैं तो आपको पाचन संबंधी इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। आप चाहें तो इसे सलाद के रूप में खाएं या फिर इसका रायता भी बना सकते हैं। वैसे पेट में दर्द या सीने में जलन होने पर ककड़ी खाने से तुरंत काफी राहत मिलती है। **कम करे मोटापाः** अगर आप अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं और बेहद आसान तरीके से वजन को नियंत्रित रखना चाहते हैं तो ककड़ी का सेवन अवश्य करें। दरअसल, ककड़ी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर और पानी होता है, जिससे आपका पेट देर तक भरा रहता है और आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं। वहीं इसमें कैलोरी का मात्रा काफी कम होती है, जिससे भी वजन कम करने में सहायता मिलती है। **दूर करे तनावः** गर्मी के मौसम में व्यक्ति का शरीर ही नहीं, मस्तिष्क भी प्रभावित होता है। दरअसल, बहुत अधिक चिंता करने या फिर शरीर में पानी की कमी होने पर व्यक्ति का स्ट्रेस लेवल बढ़ जाता है। जिससे व्यक्ति के व्यवहार में भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लेकिन अगर आप ककड़ी का सेवन करते हैं तो इससे शरीर में पानी का स्तर बना रहता है और उससे दिमाग में भी ठंडक बनी रहती है, जिससे व्यक्ति खुद को काफी रिलैक्स महसूस करता है।

## खादी में भी है स्टाइल पहन कर तो देखें

बदलते मौसम में कपड़ों के लिए फैब्रिक चुनना जरा मुश्?किल लगता है पर खादी ऐसा मैटेरियल है जो आप हर मौसम में बिंदास पहन सकते हैं। खास तौर से गर्मियों हर कोई ऐसे कपड़े पहनना चाहता है, जो कंफर्टेबल होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हों। अगर आप भी अपने लिए कंफर्ट और स्टाइल की तलाश कर रही हैं तो खादी से बेहतर विकल्प क्या हो सकता है!



**खादी है डिमांड में :** फैशन के रोजाना बदलते ट्रेंड में खादी फैब्रिक्स की खासी डिमांड है। इसमें पैच, कांथा, फुलकारी वर्क और ब्लॉक प्रिंटिंग जैसे कई वरायटीज वाले आउटफिटस इन दिनों ट्रेंड में हैं। प्रिंटस और डिजाइंस से अलग प्लेन खादी ड्रेस भी यूनीक लुक देती है। इस फैब्रिक से बने नेहरू जैकेटस यंगस्टर्स के बीच खासे पसंद किए जाते हैं। साड़ी और सलवार-सूटस से अलग अब शर्ट, पैंट और स्कट्र्स में भी कई तरह के कटस और पैटंस में आउटफिटस देखे जा सकते हैं।

**मार्डन ड्रेस में भी जंचती है :** अलग अंदाज और स्टाइल में नजर आने के लिए स्पेगेटी टॉप को स्कर्ट या लुक पैंटस के साथ पहना जा सकता है। खादी के क्रॉप टॉप और रैप-अराउंड स्कर्ट का कॉम्बो बेहद आकर्षक लगता है।

**खास है खादी की साड़ी :** खादी की हाथ से बनी साड़ी को बेहद पसंद किया जाता है। ये विभिन्न रंगों और स्टाइल में मिलती हैं। मॉडर्न लुक के लिए जरदोंजी की कढ़ाई और ब्लॉक प्रिंट वाली साड़ी चुनें। रंगीन प्लेन साड़ी को कढ़ाईदार शर्ट ब्लाउज के साथ भी पहन सकती हैं, जो आपको एकदम नया लुक देगी।

**खादी के कुर्ते देते हैं सोबर लुक :** गर्मियों के मौसम में सहज महसूस करना चाहती हैं तो खादी के कुर्ते या शॉर्ट ड्रेस पहन सकती हैं। गले पर बढिया कढ़ाई वाली कुर्ती के साथ कुछ आभूषण भी पहन सकती हैं, जिससे आपके लुक में चार-चांद लग जाएंगे।

**ये भी आजमायें :** चटख रंग के स्कार्फ या दुपट्टे को प्लेन ड्रेस के साथ पहन सकती हैं। दुपट्टे को हलके रंग की कुर्ती के ऊपर पहनें, जिससे आप निश्चित रूप से भीड़ से अलग नजर आएंगी। खादी के शॉर्ट पैंट या श्रग भी पहन सकती हैं।

## ये चीजे खाएंगे तो कम हो जाएगा मोटापा

मोटापा हमारी खान-पान की गलत आदतों और जीवनशैली में आए बदलाव का परिणाम है। अपने आसपास नजर दौड़ाएं तो आज समाज में बड़े ही नहीं, बच्चे भी बड़ी संख्या में मोटापे का शिकार हैं। लेकिन अपनी सेहत के प्रति जागरूक लोग अपने मोटापे से छुटकारा पाने और फिट होने की पुरजोर कोशिश में भी जुटे हैं। एक तरफ जहां ये लोग खुद को फिट रखने के लिए डाइट कंट्रोल या डाइटिंग का सहारा लेते हैं, वहीं फिटनेस और योग सेंटर्स में विशेषज्ञों की निगरानी में घंटों पसीना बहाते हैं। फिर भी ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं, जो मोटापे से मुक्ति को लेकर संजीदा नहीं दिखते। ऐसे लोग ये भी मान बैठते हैं कि इस पर काबू पाना उनके लिए संभव नहीं। हालांकि इस पर काबू पाना बहुत कठिन नहीं।



**हैं अनेक कारगर उपाय**

**नीबू और शहदः** सुबह खाली पेट एक गिलास गर्म पानी में नीबू का रस और शहद मिलाकर पीना कारगर उपाय माना जाता है। इसमें काली मिर्च भी मिला सकते हैं। **ग्रीन जूसः** 50 ग्राम हरा धनिया, एक टुकड़ा अदरक, 20 ग्राम करेला, 2 चम्मच नीबू का रस, 5-6 कड़ी पत्ते, सेंधा नमक, काली मिर्च पाउडर को मिक्सी में एक-डेढ़ गिलास पानी मिलाकर पीस लें। छानकर सुबह खाली पेट पिएं। **शहद और अदरक का रसः** अदरक को कद्दूकस करके निकाले गए दो चम्मच रस को गर्म पानी में शहद के साथ मिलाकर लें। **त्रिफला वॉटरः** रात को एक गिलास पानी में एक चम्मच त्रिफला पाउडर भिगो दें। सुबह छान कर उस पानी को सामान्य तापमान पर या हल्का गर्म करके पिएं। आप चाहें तो इसमें काली मिर्च और नीबू का रस भी मिला सकते हैं। **आयुर्वेदिक पंचः** 60 ग्राम अर्जुन छाल, 100 ग्राम ग्रीन टी, 100 ग्राम त्रिफला, 50 ग्राम पीपली, 100 ग्राम जीरा, 40 ग्राम गुगुल, 40 ग्राम सौंठ, 10 ग्राम काली मिर्च, 50 ग्राम दारुहल्दी, 50 ग्राम काला जीरा, 60 ग्राम धनिया को मिलाकर पीस लें और किसी मर्तबान में रख दें। सुबह खाली पेट और रात को खाना खाने से 30 मिनट पहले दो चम्मच तैयार मिश्रण लेकर दो गिलास पानी में उबालें। पानी आधा रह जाने पर तैयार काढ़े को छान कर थोड़ा ठंडा करके पिएं। **सौंठ पाउडर वॉटरः** रोज सुबह दो लीटर पानी में आधा चम्मच सौंठ पाउडर डालकर पांच मिनट उबालें। ठंडा होने पर इसमें एक नीबू का रस डालें। **खीरा-नीबू वॉटरः** कद्दूकस किया आधा खीरा, एक नीबू, पुदीने के 10-12 पत्तों को एक गिलास पानी में डाल कर रात भर रखें। सुबह छान कर इसमें एक चुटकी सेंधा नमक और काली मिर्च मिलाकर पिएं। **दालचीनी-शहद-नीबू वॉटरः** एक गिलास गर्म पानी में एक-चौथाई चम्मच दालचीनी पाउडर को शहद और नीबू का रस मिलाकर पीना फायदेमंद है।**एलोवेरा वॉटरः** एक कप ताजे एलोवेरा जेल में दो संतरे का जूस, आधा नीबू, पुदीने के पत्ते मिलाकर तैयार जूस फैट बर्न करने में कारगर है। **एप्पल विनेगरः** एक गिलास पानी में एक चम्मच एप्पल विनेगर और नीबू रस मिलाकर सुबह खाली पेट लें। दिन में दो चम्मच से ज्यादा एप्पल विनेगर का सेवन न करें। **अलसी का काढ़ा** दो चम्मच अलसी के बीजों को दो कप पानी में मिक्स करें और आधा रह जाने तक उबालें। तैयार काढ़ा छान लें और थोड़ा ठंडा होने पर पिएं। **टमाटर का जूसः** चार टमाटर के जूस में हरा धनिया और पुदीने के पत्ते मिलाकर मिक्सी में पीस लें। काली मिर्च व सेंधा नमक मिलाकर पिएं। **हल्दी और नीबू रसः** एक गिलास गुनगुने पानी में आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाकर सुबह खाली पेट लें। **जीरा और नीबूः** रात को एक गिलास पानी में एक चम्मच जीरा भिगोएं। सुबह छान कर जीरा चबा कर खा लें और पानी को गर्म करके नीबू का रस मिलाकर पिएं। **अजवायन वॉटरः** 10 ग्राम अजवायन को रात में एक गिलास पानी में भिगो दें। सुबह पानी छान कर उसे हल्का गर्म करें। एक चम्मच शहद मिला कर खाली पेट पिएं। **एप्पल विनेगर और अंजीरः**अंजीर के 3-4 दाने एक कटोरी विनेगर में रात को भिगो दें। सुबह अंजीर को निकाल कर चबा-चबा कर खा लें। बचे विनेगर में 6-7 दिन तक अंजीर को भिगोते रहें। **करेले का जूसः** चार करेले के बीज निकाल लें और अदरक का टुकड़ा पीस लें। उससे मिक्सी की सहायता से जूस निकाल लें और छानकर पिएं। **हरे धनिए का जूसः** 100 ग्राम ताजा हरा धनिया साफ करके मिक्सी में एक गिलास पानी में पीसें। इसमें करेले का जूस, नीबू का रस, काली मिर्च-दालचीनी-लौंग पाउडर, सेंधा नमक और शहद भी मिला सकते हैं। **आयुर्वेद में मोटापे का उपायः** मोटापे को काबू करने के लिए आयुर्वेद में सदियों से कई प्रकार की जड़ी-बूटियां और घर में इस्तेमाल होने वाली चीजें मिला कर तैयार ड्रिंक्स या काढ़े सुझाए गए हैं। आहार विशेषज्ञ मोटापा कम करने के लिए डिटॉक्स इन्फ्यूज वॉटर का सेवन करके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने की सलाह देते हैं। इनमें इस्तेमाल की जाने वाली अधिकतर चीजें एंटीऑक्सीडेंटस से भरपूर हैं, जो शरीर में फैट बर्निंग की प्रक्रिया को तेज करती हैं। इन उपायों का नियमित रूप से उपयोग करने से व्यक्ति के शरीर की पाचन प्रक्रिया दुरुस्त होती है, इनसे शरीर में फैट सेल्स को बर्न करने और अतिरिक्त फैट, विषैले पदार्थ या फ्री रेडिकल्स को शरीर से बाहर निकालने में मदद मिलती है तथा वजन नियंत्रित होता है। इस तरह के इन्फ्यूज वॉटर से हमारे शरीर में पानी की कमी तो पूरी होती ही है, विटामिन्स और मिनरल्स की आपूर्ति भी होती है।



## पैरों के तलवे में होने वाली जलन को ना करें नजरअंदाज, वरना नसों को डैमेज कर देंगी ये 3 बीमारियां

अक्सर आपने लोगों को यह कहते हुए सुना होगा कि उनके पैरों के तलवों में जलन होती है। चलने या फिर गर्मी में पैरों के तलवे में जलन होना आम बात है। लेकिन घर में बैठे-बैठ या फिर रात में सोने के समय आपके पैरों के तलवे में जलन होती है, तो इसे आम समस्या समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। बता दें कि यह तीन बड़ी बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक पैरों के तलवों में जलन होना काफी महत्वपूर्ण और आम लक्षण है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पैरों के तलवे में जलन होने के कुछ कारणों के बारे में बताने जा रहे हैं। हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक आपके पैरों की नसों में कुछ खराबी होने पर पैर के तलवों में जलन की समस्या होने लगती है। इसे न्यूरोपैथी कहा जाता है। हांलाकि इसके कई कारण हो सकते हैं। जिनमें से 3 मुख्य कारण हैं। ऐसे में पैरों के तलवे में जलन होने पर आपको समय रहते कुछ जरूरी टेस्ट जरूर करवाने चाहिए। **डायबिटीजः** डायबिटीज के कारण पैर या फिर तलवे में जलन की समस्या हो सकती है। डायबिटीज होने पर हाई ब्लड शुगर लेवल आपके शरीर की सारी नसों को डैमेज करने लगता है। जिसका सबसे पहले और आम लक्षण पैरों में दिखाई पड़ता है। डायबिटीज के 50 प्रतिशत मरीजों के पैरों व तलवे जलन की समस्या पायी जाती है।

**विटामिन बी12 की कमीः** हमारे शरीर के लिए प्रोटीन, विटामिन्स आदि बहुत जरूरी होता है। लेकिन बहुत कम फूड्स में विटामिन पाया जाता है। जिस कारण लोगों में विटामिन की कमी पाई जाती है। वहीं शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने से नसों की रिपेयरिंग रुक जाती है। जिससे नसें कमजोर होने लगती हैं। इससे भी खड़े होने पर दर्द, पैरों में भारीपन, पैर-तलवों में जलन और नसों के आसपास खुजली होना नसों की कमजोरी के कुछ प्रमुख लक्षण होते हैं।

# संपूर्ण जिले में धारा-144 के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा हो जाने के फलस्वरूप सम्पूर्ण मध्यप्रदेश सहित जिला सतना में भी 9 अक्टूबर 2023 से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई

## 5 दिसंबर तक प्रभावशील रहेगा आदेश

है। विधानसभा आम निर्वाचन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक लोक शान्ति विक्षुब्ध होने एवं चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों के समर्थकों के मध्य विवाद होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के उद्देश्य से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत संपूर्ण जिले के लिये प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश संपूर्ण जिले में 5 दिसंबर को अपरान्ह 5 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

जारी आदेशानुसार संपूर्ण जिले में कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति, जुलूस, रैली या आमसभा आदि का आयोजन न करें और न संचालन करें तथा न




ही उसमें सम्मिलित हों। यदि अपरिहार्य कारणों से ऐसा करना आवश्यक हो तो आयोजन की तिथि के न्यूनतम 2 कार्य दिवस पूर्व आयोजन स्थल की सम्पूर्ण जानकारी सहित संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें एवं नियमानुसार अनुमति प्राप्त किये जाने के बाद ही आयोजन करें। कोई भी व्यक्ति अपने अग्नेयास्त्र, जैसे रिवाल्वर, पिस्टल, एम.एल. गन, बी.एल.गन, कारतूस आदि एवं अन्य तेज धार वाले घातक अस्त्र जैसे फरसा, तलवार, भाला, चाकू, छूरा, बरछी, लोहंगी आदि लेकर न चलेगा और न ही उसका उपयोग करेगा या सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शित करेगा। कोई भी व्यक्ति लाठी, डण्डा आदि अपने साथ लेकर नहीं चलेगा और न ही उसका उपयोग करेगा। समस्त संबंधित रिटर्निंग आफीसर को उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत विहित प्राधिकारी घोषित किया गया है। समस्त संबंधित रिटर्निंग आफीसर जुलूस, रैली, आमसभा आदि का आयोजन केवल विहित प्राधिकारी की अनुमति से ही किया जा सकेगा। विधानसभा निर्वाचन, 2023 हेतु आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील रहने के दौरान आयोजित होने वाले दशहरा, नवदुर्गा, दीपावली एवं अन्य त्यौहारों अथवा सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिये यदि धार्मिक परम्परा के अनुसार आमसभा, जुलूस एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग अपरिहार्य हो तो संबंधित आयोजकों को आयोजन के कम से कम 2 कार्य दिवस पूर्व संबंधित विहित प्राधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर नियमानुसार अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## प्रतियोगिता में सासंद तेजस्वी सूर्या को पत्रिका देकर आमंत्रित किया

पुष्पांजली टुडे



बेंगलूरू। कर्नाटक सीरवी प्रीमियर लीग केएसपीएल कप 2 का आयोजन होने जा रहा है जिसमें खिलाड़ियों की नीलामी 14 अक्टूबर शनिवार को होने जा रही है जिसमें समाज की कुल 250 खिलाड़ी भाग ले रहे है। आयोजकों ने मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बैंगलोर साउथ के तेजस्वी सुर्या को पत्रिका देकर आंमत्रित किया गया। आयोजक रतन और राकेश बताया की 14 अक्टूबर को खिलाड़ियों की निलामी होगी। इस अवसर पर रतन काग, राकेश राठौड़, गोपाल सैणचा, दिनेश मौजूद थे।

# 6 विधानसभा में 1659 मतदान केन्द्र, 1625768 मतदाता



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में भी मध्यप्रदेश विधानसभा की छह सीटों के लिये निर्वाचन 17 अक्टूबर को संपन्न होगा। इसके लिये छह विधानसभ क्षेत्रों में 1659 मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे, जिसमें 16 लाख 25 हजार 768 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिये सेक्टर वार अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। उक्त जानकारी सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। उन्होंने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की व्यापक जानकारी देते हुये बताया कि जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के एक तिहाई मतदान केन्द्रों को संवेदनशील माना गया है जिस पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि मतदान शांतिपूर्वक व शत प्रतिशत हो इसके लिये व्यापक प्रयास किये जायेंगे। सिंह ने बताया कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण कराने के लिये पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों की तैयारी की जायेगी, इसके साथ ही माइक्रोआर्ब्जवर भी लगाये जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने ग्वालियर के सभी राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों, प्रेस मीडिया सहित अधिकारियों से भी आदर्श आचरण संहिता पालन करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि मतदान दलों व मतदान सामग्री को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिये 381 मतदान रूट चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के बूथ लिये भी नये निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में धारा 144 भी लगाई गई है और सभी शस्त्र लायसेंस भी निलंबित कर दिये है। अब जल्दी ही शस्त्र जमा करने की कार्रवाई भी शुरू की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि मतदान सामग्री का वितरण इस बार तीन सेंटर साइंस कालेज, एमएलबी रोड व पोलीटेक्निक कालेज से किया जायेगा और मतदान सामग्री जमा केवल एमएलबी कालेज में ही होगी। सिंह ने बताया कि प्रत्याशियों के नामांकन विधानसभावार 6 कक्षों में अलग-अलग जमा होंगे। नामांकन 21 अक्टूबर से जमा होंगे और 30 अक्टूबर तक जमा हो सकेंगे। 31 अक्टूबर को नामांकन जांच होगी और 2 नवंबर को नाम वापिसी हो सकेंगे। मतदान 17 नवंबर को होगा, इससे 48 घंटे पहले प्रचार बंद हो जायेगा।

**बार्डर नाकेबंदी**-जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि जिले की विधानसभा सीटों पर शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिये जिले की सीमाओं पर नाकेबंदी भी 21 अक्टूबर से की जायेगी। इसके लिये पुलिस अधिकारियों से समुचित व्यवस्था को कहा गया है। इस मौके पर अपर कलेक्टर टीएन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एलके पाण्डेय, संजीव जैन भी उपस्थित थे।

# 5000 रुपये के इनामी स्थाई वारंटी को ऊमरी पुलिस ने एक अवैध देशी कट्टा व एक राउण्ड के साथ किया गिरफ्तार

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

थाना ऊमरी। डीजीपी महोदय श्री सुधीर कुमार सक्सेना के दिशा-निर्देशन पर म.प्र. में अपराध पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सहायता के लिये म.प्र. पुलिस सक्रियतापूर्वक कार्य कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन श्री सुशान्त सक्सैना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक श्री कुमार सौरभ के मार्गदर्शन में नागरिकों की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु सभी जिलों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री मनीष खत्री, अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड संजय सिंह के मार्ग दर्शन में इनामी, फरारी आरोपियों, स्थाई वारंटियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के थाना लहार के अपराध क्र. 56/2019 धारा 457,511 भादवि न्यायालयीन प्र.क्र. 193/2019 में 5000 रुपये के इनामी स्थाई वारंटी को एक देशी कट्टा व राउण्ड के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।



दिनांक 08/10/2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नहर की पुलिया ग्राम रूर के पास अवैध हथियार लिये घूम रहा है मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से सूचना की तस्दीक गई तो मुखबिर के बताये स्थान पर मुखबिर के बताये हुलिया का व्यक्ति मिला जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा। उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसकी कमर से एक देशी 315 बोर का कट्टा तथा पेन्ट की जेब से एक जिंदा राउण्ड मिला जिसे समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार शुदा आरोपी थाना लहार के अपराध क्र. 56/2019 धारा 457,511 भादवि न्यायालयीन प्र.क्र. 93/ 2019 में स्थाई वारंटी है जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। गिरफ्तार शुदा आरोपी आपराधिक प्रवृति का है जिसके विरुद्ध थाना ऊमरी पर चोरी, आर्म्स एक्ट, तथा थाना लहार में चोरी के प्रयास सहित कुल 03 अपराध पंजीबद्ध है। गिरफ्तार शुदा आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

**जम मसरुका**- एक कट्टा 315 बोर, एक जिंदा राउण्ड

**सराहनीय भूमिका**-उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, प्र. आर. आशीष तिवारी, मनोज सिंह राजावत, मयंक दुबे, आरक्षक धर्मपाल सिंह, विमल भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शस्त्र जमा करने से पूर्व लायसेंसधारियों को सुनवाई का मौका


ग्वालियर। विधानसभा निर्वाचन ङ्क 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शस्त्र लाइंसेस पुलिस थानों में जमा कराए जाएँगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि इस बार उन लायसेंसधारियों को सुनवाई का मौका दिया जाएगा जो विशेष कारणों से शस्त्र जमा नहीं करना चाहते। जिला दण्डाधिकारी सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सदस्यों की एक मॉनीटरिंग व स्क्रीनिंग समिति बनाई गई है। इस समिति की बैठक हो चुकी है। समिति ने निर्णय लिया है कि जो लायसेंसधारी शस्त्र जमा नहीं करना चाहते हैं, वे तीन दिन के भीतर उन कारणों को दर्शाते हुए अपना आवेदन कलेक्ट्रेट कार्यालय की शस्त्र शाखा में जमा कर सकते है जिन कारणों से वे शस्त्र जमा नहीं करना चाहते । उन्होंने बताया कि शस्त्र शाखा में प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा जॉच की जाएगी और निर्णय से संबंधित आवेदक को अवगत कराया जाएगा।




# निर्भय बनाता है भगवत चरणों का आश्रयः स्वामी विद्यानंद

ग्वालियर। जो भागवत चरणों का आश्रय लेता है वो निर्भय हो जाता है। लोग मृत्यु के भय से पलायन करते हुए भटकते रहते हैं उन्हें अभयत्व की प्राप्ति नहीं होती है। सिर्फ भगवत चरणों का आश्रय लेने पर ही अभयत्व की प्राप्ति होती है। यह विचार स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने श्री भाव भावेश्वर सेवा समिति द्वारा रंगमहल गार्डन में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के सांतवे दिन सोमवार को व्यक्त किए। उल्लासपूर्ण वातावरण में हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दशम स्कंद की कथा का प्रवाचन करते हुए कहा कि स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि बालक कृष्ण का स्वरूप अद्भुत था। आम बच्चे जब पैदा होते हैं तो उनकी आंखे बंद होती हैं पर श्री कृष्ण की आंखे कमल के समान खुली हुई थीं। वे चार भुजाओं के साथ शंख चक्र गदा और पद्म लिए हुए और पीताम्बर धारण कर आए थे। महाराज श्री ने भगवान के निराकार निर्गुण रूप का बखान करते हुए कहा कि जिस प्रकार हवा प्रकाश सुगंध दिखती नहीं हैं। इन्हें सिर्फ महसूस किया जा सकता है। इसी प्रकार निर्गुण निराकार ब्रह्म को हम आंखों से नहीं देख सकते। उन्हें सिर्फ हम सिर्फ महसूस कर सकते हैं लेकिन जब वो सगुण साकार रूप में आता है तो देखकर प।रम आनंद की अनुभूति होती है। हम कहते हैं आनंद आ गया।आनंद गया कहां था वो तो हमारे ही भीतर है। सिर्फ उसे अनुभव करने की जरूरत है।

**भगवत स्वरुप है भागवत**-उन्होंने कहा कि भागवत भगवान् का ही स्वरूप है। लेकिन लोग इससे विमुख होकर मृत्यु के भय से पलायन कर संसार में भटकते रहते हैं। उन्हें अभयत्व की प्राप्ति नहीं होती है। ये संसार रूपी नदी को पार करना आसान नहीं हैं। इसमें लोग बहे चले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि माया रोती भी है और रुलाती भी है। जब कंस ने कन्या को मारना चाहा और उसने आकाश में जाकर उद्घोष कर दिया कि तू मुझे क्या मारेगा तुझे मारने वाला



संसार में आ चुका है। यह सुन कंस को दुख हुआ और उसने अपनी बहिन देवकी और बहनेऊ वसुदेव से क्षमा मांगी। भगवान श्री हरि के स्वरूप का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ब्राह्मण वेद गाय दया सत्य तप श्रद्धा और यज्ञ भग विष्णु का ही रूप हैं। उन्होंने बताया कि जिनके संतान उत्पन्न नहीं हो रही वे एकादशी व्रत शुरू कर दें क्योंकि इसी व्रत के प्रताप से अस्सी वर्ष की उम्र में नंद को संतान सुख प्राप्त हुआ। न सिर्फ नंद यशोदा ने गोपियों ने भी एकादशी व्रत रखा। इसलिए यशोदा जब कृष्ण पर एकाधिकार दिखाती हैं तो गोपियां कहती हैं। हमने भी एकादशी व्रत रखा है तो कन्हैया पर अधिकार हमारा भी है। उन्होंने बताया कि जिस नाइन ने भगवान कृष्ण की नाल काटी उसे नंद ने नौलखा हार दिलवाया लेकिन उसके बाद उसने अपने नाल काटने के यंत्र जमुना में प्रवाहित कर दिए। उसका कहना था कि जब मैंने जगत को उत्पन्न करने वाले की नाल काट दी तो अब किसकी नाल काटूंगी। उसके बाद उसने कोई नाल नहीं काटी।

**क्या होती है निष्काम भाव प्रीति**-स्वामी विद्यानंद ने बताता कि निष्काम भाव प्रीति तेल के समान स्निग्ध होती है। सूखे प्रेम में जब सेवा का संपुट लग जाता है तो तो वह स्निग्ध हो जाता है। उन्होंने बताया कि नंद जब मथुरा गए तो अपने मित्र वसुदेव से मिलकर दुखी हो गए। मित्र वह है जो अपने मित्र के दुख से दुखी हो जाए। हर जीव अपने कर्म के अनुसार फल भोगता है। जो आत्मतत्व को जानता है वो मोह के जंजाल नहीं पड़ता। पूतना का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि पूतना वो है जो पूत पवित्र शिशुओं को खा जाए। पूतना मेकअप करके खूबसूरत बनकर बालक कृष्ण को मारने जाती है जबकि वो विशालकाय वीभत्स ओर कुरुप है। आजकल भी लोग वैसा दिखने की कोशिश करते हैं वो जैसे होते नहीं हैं। व्यूटीपार्लर में जाकर कृत्रिम श्रृंगार करते हैं लेकिन जो सुंदर होते हैं उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने बताया पूतना को जब जलाया गया तो उसके शरीर से चंदन की सुगंध आई क्योंकि भगवान ने उसका स्तनपान किया था। इस मौके पर संगीतज्ञों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राधेश्याम भाकर विजय गोयल सुनील शर्मा प्रमोद अग्रवाल शरद गोयलअखिलेश गोयल संजय गोयल महंत गिर्राज शर्मा पवन अग्रवाल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478